सुप्रभात
रांची, रविवार
03.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 112 | 12 | कमला और ट्रंप के बीच तेज हुई जुबानी जंग






## न्यूज डायरी

### एसटी-एससी थाने में इरफान के खिलाफ शिकायत दर्ज

**रांची।** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इरफान के विवादास्पद बयान मामले में अब सीता सोरेन की बेटियां जयश्री और विजयश्री सोरेन ने एसटी-एससी थाने में इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। शिकायतनामा में कहा गया है कि इरफान अंसारी ने उनकी मां सीता सोरेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। अब उनकी बहनों को लेकर भी आपत्ति जनक टिप्पणी की गई है। थाने में फेसबुक लिंक और पेन ड्राइव भी उपलब्ध कराया गया है।

### 5 नवंबर को आयेंगे मल्लिकार्जुन खड़गे

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 5 नवंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का झारखंड दौरा है। कांके विधानसभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र में वे सभा करेंगे। वहीं 8 नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा और लोहरदगा में कार्यक्रम करेंगे जबकि 9 नवंबर को डाल्टेनगंज और हजारीबाग में सभा करेंगे। वहीं जमशेदपुर में रोड शो भी प्रस्तावित है।

### हाइवा की चपेट में आने से कार सवार दंपति की मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र में दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर हाइवा की चपेट में आने से कार सवार दंपति की मौत हो गई। वहीं हादसे में दंपति की एकलौती बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पसताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### घाटी में लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी कमांडर ढेर

**श्रीनगर।** जिले के खानयार इलाके में शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ में भारीतय सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर को मार गिराया। वह कई वर्षों से घाटी क्षेत्र में सक्रिय था। इस मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद खानयार इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया, इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलायी। जवाबी कार्रवाई में आतंकी मारा गया। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे वहां आग लग गयी।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 74200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 100000 रु./प्रति किलो |




मुख्यमंत्री ने केंद्र और चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# आपस में एक-दूसरे को लड़ाना ही भाजपा की राजनीति : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर आपस में एक-दूसरे को लड़ाने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि इनका कोई काम नहीं है। घर-घर में लड़वाओ, समाज में जहर घोलो, भाई-भाई से लड़े, बाप बेटा से लड़े, यही इनकी राजनीति है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जमात को गरीब-गुरबा, पिछड़ा और आदिवासी से कोई मतलब नहीं है। इनको सिर्फ पैसा से मतलब है। वे शनिवार को तोरपा में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार संदीप गुड़िया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपलोगों का सहयोग रहा तो ऐसे हजारों भाजपा नेताओं को भगाकर गुजरात भेजने का काम करेंगे।



श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार का एक महीना अभी बचा ही हुआ था, लेकिन चुनाव आयोग ने पहले ही चुनाव करा दिया। इसमें कोई बात नहीं।

श्री सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि केंद्र के हाथों में कठपुतली की तरह नाचनेवाली संस्थाएं हैं। ये संस्थाएं जब चाहे जैसा चाहे आदेश देती हैं। राज्य में योजनाबद्ध तरीके से चुनाव कराया जा रहा है।

**चार से पांच गुणा अधिक फोर्स को लगा दिया :** सीएम ने कहा कि बड़े से बड़े राज्य में जितना फोर्स नहीं लगाया जाता, उससे चार से पांच गुणा फोर्स को झारखंड में उतार दिया गया है। भाजपा के कई सीएम यहां घूम रहे हैं। ये अपने को आदिवासी का हितैषी बता रहे हैं। अगर हमारी सरकार बनती है तो हम हर महिला के खाते में 1 लाख पहुंचायेंगे। मैंने योजना गिनाना शुरू किया तो हमारी योजनाओं के तले विपक्ष दब जाएगा।

### पीएम और गृह मंत्री झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ लौटा दें : हेमंत सोरेन

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से केंद्र सरकार से राज्य के बकाये की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। मैं पुन: उनसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं, कि हम झारखंडियों का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये लौटा दें। हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है। मैं भाजपा के साथियों, खास कर के सांसदों से भी अपील करूंगा कि वे हम झारखंडियों के इस बकाये को दिलाने में हमारी मदद करें।

बाबूलाल मरांडी ने कहा

### केंद्रीय सहायता के प्रस्ताव पर हेमंत ने नहीं ली रूचि

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा है कि पर्यटन क्षेत्रों को विकसित कर लाखों रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र सरकार ने 1000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था लेकिन हेमंत सोरेन ने इस पर कोई रुचि नहीं दिखाई। अनुमानित था कि इस प्रस्ताव के माध्यम से 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलते और झारखंड के पर्यटन क्षेत्र में 15% की वृद्धि होती लेकिन हेमंत सोरेन ने 10 हजार युवाओं का रोजगार और राज्य की प्रगति को दांव पर लगा दिया। बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि ऐसी सैकड़ों योजनाएं हैं, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद को अपने अहंकार के चलते ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रत्येक घंटे औसतन आठ आपराधिक घटनाएं सरकार के सरंक्षण में होती हैं, वर्तमान में हेमंत सरकार अपराधियों को संरक्षण और हिम्मत देने वालों की है।

## आज भाजपा का संकल्प पत्र जारी करेंगे अमित शाह

सिमरिया, बरकट्ठा व धालभूमगढ़ में करेंगे सभा





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार की देर रात रांची पहुंचे। एयरपोर्ट से वे सीधा स्थानीय होटल रेडिशन ब्लू पहुंचे और पार्टी के वरीय नेताओं के साथ झारखंड चुनाव पर चर्चा की। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे रविवार 3 नवंबर की सुबह 9 बजे भाजपा का संकल्प पत्र जारी करेंगे। बताते चलें कि भाजपा के झारखंड में कमल खिलाने के लिए एक तरफ भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव प्रचार के लिए उतार रही है। वहीं दूसरी ओर संकल्प पत्र के जरिये जनता से वादा करने की तैयारी की है। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री और बीजेपी के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि रविवार 3 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री के हाथों भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी होगा। इस संकल्प पत्र के जरिए सरकार बनने पर हम क्या करने वाले हैं? इसे जनता को बताया जायेगा।

श्री चौहान ने बताया कि तीन नवंबर को भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह की झारखंड में तीन सभाएं होंगी। श्री शाह धालभूमगढ़, बरकटठा और सिमरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 नवंबर को झारखंड आयेंगे। यहां उनकी दो जगहों पर चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा होगी।

## बरहेट से टिकट नहीं मिलने से सिमोन मालतो ने भाजपा को किया बाय-बाय

भाजपा को झटका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा नेता सिमोन मालतो ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ बरहेट से इस बार पार्टी का टिकट नहीं मिलने से वे नाराज थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि पार्टी के इस स्टैंड से पहाड़िया समाज के लोगों में रोष है।

सिमोन मालतो के मुताबिक वह आदिम जनजाति पहाड़िया समाज से आते हैं। यह समाज परंपरागत रूप से कांग्रेस से जुड़ा था, लेकिन बाद में भाजपा का वोटर बनकर पार्टी को मजबूती दे रहा था। फिर भी पार्टी ने इस समाज को गंभीरता से नहीं लिया। इसकी वजह से पूरा समाज अपमानित महसूस कर रहा है। इन बातों का जिक्र करते हुए सिमोन मालतो ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान सिमोन मालतो के पार्टी छोड़ने से भाजपा को बड़ा झटका लगा है।



दरअसल, 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बरहेट सीट से गामलियल हेंब्रम को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने सिमोन मालतो को हेमंत सोरेन के खिलाफ मैदान में उतारा था। तब हेमंत सोरेन को 73,725 वोट और सिमोन को 47,985 वोट मिले थे।

2019 के चुनाव में आजसू ने गामलियल हेंब्रम को प्रत्याशी बनाया था लेकिन जमानत जब्त हो गई थी, उन्हें सिर्फ 2,573 वोट मिले थे। फिर भी 2024 के चुनाव में भाजपा ने सिमोन मालतो का टिकट काटकर गामलियल हेंब्रम को प्रत्याशी बनाया है। खास बात है कि गामलियल हेंब्रम की बरहेट में एक अलग पहचान है। वे बड़े स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता कराते हैं। इसमें नामी गिरामी खिलाड़ी शामिल होते हैं।

इंडिया ब्लॉक की पहली संयुक्त प्रेस वार्ता, नेताओं ने कहा

## कुछ सीटों पर दोस्ताना मुकाबले के बाद भी हम सब साथ-साथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में पहले चरण की वोटिंग से पहले शनिवार को रांची प्रेस क्लब में पहली बार इंडिया ब्लॉक में शामिल चार दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और सीपीआई माले ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने पहली बार सीट शेयरिंग के नंबर बताए। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक में झामुमो को 43, कांग्रेस को 29, राजद को 6 और माले को 3 सीट मिली है।

**धनवार में फ्रेंडली फाइट और विश्रामपुर-छतरपुर में सर्वमान्य रास्ते की तलाश :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो पहले चरण में 23 और दूसरे चरण में 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। माले को 3 सीट निरसा, सिंदरी और बगोदर मिली है जबकि धनवार में दोस्ताना संघर्ष होगा।




**कांग्रेस में टिकट बिकता नहीं : केशव महतो**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस 30 विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं, बिश्रामपुर-छतरपुर में राजद और कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे में सर्वमान्य रास्ता निकालने का प्रयास जारी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस में टिकट बिकता नहीं है जिन्हें टिकट नहीं मिलता, उनमें असंतोष रहता है लेकिन सभी संगठित होकर काम करते हैं।

**लालू यादव ने त्याग किया है। अनिता यादव**

झारखंड राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि राज्य में भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए उनके नेता लालू प्रसाद यादव ने फिर त्याग किया है। पुरानी बातों को भुलाकर हम सब एकजुट होकर भाजपा को हराएंगे।

**अडानी खंड न बनें झारखंड इसलिए हमारी एकता जरूरी : माले**

सीपीआई माले के सेंट्रल कमेटी सदस्य शुवेन्दु सेन ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य झारखंड को अडानी लैंड बनाने का है। हमारी एकता इस राज्य को अडानी लैंड बनने से बचाने की है।

## चंपई के गढ़ में पहुंचीं कल्पना सोरेन कहा- फिर से बनायें झामुमो सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक सह सीएम हेमंत सोरने की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को पूर्व सीएम और अब भाजपा नेता चंपई सोरेन के गढ़ में जम कर बरसीं। उन्होंने तीर-धनुष चिह्न पर वोट डाल कर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा झारखंड में सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यही समय है झारखंड के विकास में बाधा डालनेवालों को सबक सिखाने का। झामुमो के जीतते ही भाजपा खुद बिखर जायेगी। श्रीमति सोरेन सरायकेला खरसावां विस क्षेत्र के कुनाबेड़ा फुटबॉल मैदान में चुनावी जनसभा बोल रही थीं। उन्होंने आम जनता से पार्टी प्रत्याशी गणेश महाली के लिए वोट मांगा। बाद में वह खूंटी भी पहुंची और नाराज कार्यकर्ताओं से मिलीं।

**बहन-बेटियों के दर्द का एहसास सिर्फ हेमंत को :** कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ कई साजिशें की। विकास की रफ्तार को कम करने व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए सीएम पर कई झूठे आरोप लगाये। जेल तक भेजा। जेल से बाहर आते ही निडर होकर हेमंत ने सबसे पहला काम बेटी व बहनों के लिए मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना शुरू की। उन्होंने यह साबित कर दिया कि उन्हें झारखंड की बेटी और बहनों की दर्द का अहसास है और वे उनकी चिंता करते हैं। सभा में जोबा मांझी ने कहा, यह आदिवासी मूलवासियों के अस्तित्व की लड़ाई है।



**खूंटी में नाराज कार्यकर्ताओं से मिलीं :** शनिवार को कल्पना सोरेन अचानक खूंटी पहुंची। वहां उन्होंने नाराज कार्यकर्ताओं से बात की और उन्हें एकजुट होकर काम करने को कहा और झारखंड हित में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनाने का आह्वान किया।

पेश हो सकता है वन नेशन-वन इलेक्शन बिल

# संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से, सत्र के हंगामेदार होने के आसार

- जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव पर हो सकती है चर्चा, कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल पेश किए जा सकते हैं, जिनमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी इसी सत्र में पास किया जा सकता है।



इस बार संसद का शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार है। दरअसल विपक्षी दल वन नेशन-वन इलेक्शन का विरोध कर रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। उधर सरकार इस बिल पर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। इस बिल के विरोध में विपक्षी दल सदन में हंगामा कर सकते हैं। संसद का संयुक्त सत्र 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जा सकता है।

इसके साथ ही, वक्फ विधेयक पर बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र में पेश कर सकती है।

बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। इस दौरान कुल 12 विधेयक पेश किए गए थे जिनमें से 4 विधेयक पारित हुए थे। पारित होने वाले विधेयकों में वित्त विधेयक 2024, विनियोग विधेयक 2024, जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 और भारतीय विधेयक शामिल थे।

# भूकंप के झटकों से कांपा झारखंड पांच सेकंड तक हिलती रही धरती

खूंटी में था भूकंप का केंद्र, रियेक्टर स्केल पर तीव्रता 3.6 मापी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शनिवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के लगातार झटकों से झारखंड में कई जगहों पर धरती करीब 5 सेकंड तक हिलती रही। मौसम विभाग ने बताया कि रियेक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र खूंटी में था। लगातार आए झटकों से लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल किसी तरह की जनहानि का मामला सामने नहीं आया है।

वहीं खूंटी के साथ ही चाईबासा और चक्रधरपुर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में भूकंप के झटके महसूस होने तक लोग सहमे रहे।




बताया जा रहा है कि खरसावां में भूकंप के झटकों की तीव्रता 4.3 थी, जिसके कारण कुछ घरों में हल्की दरारें आ गई हैं। थोड़ी देर उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर हुआ क्या। बाद में बताया गया कि ये भूकंप के झटके थे। भूकंप के झटके खूंटी, रांची, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिले में महसूस किये गये।

### क्यों आता है भूकंप

भूकंप आने के बाद जब धरती हिलती है तो लोगों में दिलचस्पी बढ़ जाती है कि आखिर ये भूकंप आते क्यों हैं? इस मामले पर विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप को समझने से पहले हमें पृथ्वी को समझना होगा। धरती में टेक्टोनिक प्लेट्स हैं। टेक्टोनिक प्लेट के नीच तरल लावा की तरह पदार्थ पाए जाते हैं। इन्हीं लावा के ऊपर ये टेक्टोनिक प्लेटें तैरती रहती हैं। कई बार तैर रही प्लेटें एक-दूसरे से टकराती भी हैं। टकराने के दौरान भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है, जो तेजी के साथ ऊपर आती है और धरती हिलने लगती है। इसे ही भूकंप का नाम दे दिया जाता है।

## भाजपा के प्रणव वर्मा और आजसू के विकास राणा झामुमो में शामिल

# विरोधियों की साजिश के बावजूद राज्य के विकास में आंच नहीं आने दी : हेमंत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय रति लाल वर्मा के बेटे प्रणव वर्मा (प्रवक्ता, अनुसूचित मोर्चा बीजेपी) और विकास राणा (केंद्रीय प्रवक्ता, आजसू पार्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष, विश्वकर्मा समाज) ने शनिवार को झामुमो में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास पर अपनी सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनके सैकड़ों समर्थकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की और झामुमो को ही राज्य का भाग्य विधाता बताया। मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वह समाज के लोगों के लिए हमेशा से तैयार रहे हैं। परंतु विरोधियों ने उन्हें काम करने से हमेशा रोका है। बावजूद इसके उन्होंने राज्य के विकास को गति दिया है। कुछ चीजें रह गयी हैं, जिसे आनेवाले समय में आगे बढ़ाया जायेगा। मौके पर रांची विधानसभा की प्रत्याशी महुआ माजी समेत अन्य उपस्थित थे।

**ये सब झामुमो के हो गये**

झामुमो में शामिल होने वाले प्रमुख सदस्यों में आनंद सिंह (केंद्रीय सदस्य, आजसू पार्टी), जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, विवेक कुमार राणा, अफ्ताब आलम, अविनाश कुमार सिंहा, ओम प्रकाश देव, अवध किशोर साव, धीरेंद्र सिंह, विजय कुमार, अनूप कुमार सिंह, सुनील राजा, और कारू शर्मा शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सभी समुदायों और वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है और इस सामूहिक समर्थन से झारखंड को नई दिशा में ले जाने की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ होगी।

## सीएम की आज रंका में व कल्पना की कल चिनियां में मिथिलेश ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्टार प्रचारक और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विधायक कल्पना सोरेन गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका और चिनियां में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 3 नवंबर, रविवार को रंका में उच्च विद्यालय रंका के मैदान में सुबह 11 बजे सभा करेंगे। वहीं, कल्पना सोरेन 4 नवंबर, सोमवार को चिनियां के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में सुबह 11:30 बजे जनसभा को संबोधित करेंगी। दोनों स्टार प्रचारक गढ़वा विधायक और झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। झामुमो के जिलाध्यक्ष तनवीर

**तैयारी पूरी, पार्टी नेताओं ने कहा- चुनावी अभियान होगा बेहद महत्वपूर्ण**

आलम ने बताया कि इन कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में ग्रामीण, खासकर महिलाएं, शामिल होकर कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बना चुकी हैं। इसी प्रकार की सफलता आगामी जनसभाओं में भी देखने को मिलेगी। तनवीर आलम ने यह भी कहा कि मंत्री ठाकुर के समर्थन में जनता का प्यार और जनसमर्थन देखकर यह निश्चित है कि चुनावी जीत ऐतिहासिक होगी। गढ़वा विधानसभा में इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत के लिए तैयार हैं और मंत्री ठाकुर का चुनावी अभियान बेहद महत्वपूर्ण होगा।

## केंद्र देत रहा और झामुमो लूटता रहा : गौरव

**हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास को रोकने की हर संभव कोशिश की**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा नेता प्रो गौरव वल्लभ ने कहा कि पिछले 5 सालों में केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को 2.5 लाख करोड़ दिये। इसका पूरा उपभोग भी झारखंड सरकार नहीं कर पायी। पिछले 5 साल कुप्रबंधन और अक्षमता के रहे हैं। वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास को रोकने के लिए हर संभव कोशिश की है। प्रो वल्लभ ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से झारखंड राज्य की सहायता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 4.4 लाख करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित की है। यह भारी निवेश बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी और महिला कल्याण और कृषि जैसे आवश्यक क्षेत्रों की ओर निर्देशित किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल राजस्व प्राप्तियों में से 57,301 करोड़ केंद्र सरकार से आएंगे। 2019-20 से केंद्र ने राज्य के लिए कुल राजस्व प्राप्तियों में 51-56% का योगदान दिया है।

**रेलवे और राजमार्ग विकास के लिए भी मिली राशि :** 2014-15 से 2024-25 के बीच लगभग एक दशक में मोदी सरकार ने झारखंड में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए 37,972 करोड़ रुपये दिए हैं। इसके अलावा, 2014-15 से 2023-24 के बीच केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास पर 16,922.61 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पिछले एक दशक में जनजातीय कार्य मंत्रालय ने झारखंड को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के तहत 916.89 करोड़ रुपये दिए गए। झारखंड सरकार को जनजातीय योजना के लिए 760.23 करोड़ की खास केंद्रीय मदद भी दी गई है।

**लोन और जीएसटी मुआवजा भी मिला**

2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने झारखंड सरकार को 28,682.55 करोड़ रुपये से ज्यादा का लोन और 9,374 करोड़ रुपये का जीएसटी मुआवजा दिया। जल जीवन मिशन के लिए 10,868.09 करोड़ रुपये दिए हैं। लेकिन सरकार द्वारा अब तक केवल 5,775 करोड़ रुपये का ही उपयोग किया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत आवंटित 4,327.09 करोड़ रुपये में से केवल 2,307.33 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं। हेमंत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए आवेदन ही नहीं किया, जबकि इसके लिए 1,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया था। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत, केंद्र सरकार ने झारखंड को 85.7 करोड़ रुपये आवंटित किये, लेकिन झारखंड सरकार ने इस राशि में से केवल 48 करोड़ रुपये ही इस्तेमाल किये।

## निचली अदालतों में वार्षिक अवकाश बंद, 15 दिन का होगा ग्रीष्मावकाश

**रांची।** राज्य की निचली अदालतों के वार्षिक अवकाश में बदलाव किया गया है। अब यहां दुर्गा पूजा से छठ तक 30 दिन का वार्षिक अवकाश नहीं रहेगा। इसके बदले 24 मई से छह जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। झारखंड हाईकोर्ट ने कैलेंडर जारी कर दिया है। पहले वार्षिक अवकाश 30 दिनों का होता था, पर अब 15 दिन का ही होगा। निचली अदालतों के वार्षिक अवकाश में अति महत्वपूर्ण मामलों की ही सुनवाई होती है। अवकाश में बदलाव करने को लेकर राज्य की सभी जिला बार एसोसिएशन से हाईकोर्ट ने मंतव्य मांगा था। रांची को छोड़कर सभी जिलों ने गर्मी में अवकाश दिए जाने पर अपनी सहमति जताई। इसी तरह हाईकोर्ट के अवकाश का कैलेंडर भी जारी किया गया है।

## दाहू के भाई सुनील यादव की डिस्चार्ज अर्जी पर इडी से जवाब तलब

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले के आरोपी सुनील यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है। इसमें अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। सुनील अभी जमानत पर है और आरोप गठन के खिलाफ याचिका दायर की है। पीएमएलए की अदालत ने सुनील की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। सुनील यादव दाहू यादव का भाई है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहू अब तक फरार है। ईडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील और दाहू को अवैध खनन में लिप्त पाया है।

## भाजपा में नैतिकता समाप्त हो चुकी है : यशवंत सिन्हा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा है कि भाजपा में अब नैतिकता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। भाजपा का उद्देश्य येन केन प्राकरेन सिर्फ सरकार बनाने का रह गया है। उन्होंने यह बातें पिस्का मोड़ पर अटल विचार मंच के हटिया प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर कही। हटिया विधानसभा से अटल विचार मंच के प्रत्याशी दिवाकर प्रसाद साहू के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि भाजपा को अब सिर्फ सरकार से मतलब है। सरकार बनाने के लिए पैसे के बल पर तोड़फोड़ और अनैतिक हथकंडे अपनाए जाते हैं जो देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय काम के आधार पर नहीं बल्कि 1000 और 2000 रुपए देने के प्रलोभन के बल पर वोट मांगे जा रहे हैं। यह सब देखकर दुख होता है। उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

# राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संभाला कामकाज

**राज्य को मिली तीसरी महिला मुख्य सचिव**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य की नयी मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार को कामकाज संभाल लिया। प्रोजेक्ट भवन सिथत झारखंड मंत्रालय में अपने कार्यालय कक्ष में उनहोंने स्वतः प्रभार लिया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के वरीय आइएएस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। 1988 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अलका तिवारी ने मौजूद अधिकारियों के साथ बैठक भी की और विकास कार्य को तेजी से करने को कहा। मौके पर उन्होंने कहा कि जो भी चालू योजनाएं है, उनके कार्य समय से पूरे कर लिये जायें। अलका तिवारी राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव हैं। इससे पहले लक्ष्मी सिंह और राजबाला वर्मा राज्य की मुख्य सचिव रह चुकी हैं।

**सरकार की प्राथमिकता ही मेरी प्राथमिकता**

अलका तिवारी ने झारखंड के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू है। इसलिए पद पर रहकर प्राथमिकता बताना उचित नहीं है। जैसे ही सरकार का गठन हो जाता है और सरकार के अनुकूल जनहित में काम करना ही उनकी प्राथमिकता होगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे ही राज्य में नई सरकार का गठन हो जाएगा, वह सरकार की योजनाओं की प्राथमिकता के अनुसार काम करेंगी।

## दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से ताल ठोंक रहे हैं 528 प्रत्याशी

**झारखंड विस चुनाव**

**गत चुनाव से घटी है चुनाव लड़नेवाले प्रत्याशियों की संख्या**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। झारखंड में दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर मतदान होने हैं। दूसरे चरण में कुल 634 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। 30 अक्टूबर को स्?क्रूटनी के बाद 560 प्रत्याशी बचे। वहीं 1 नवंबर को नॉमिनेशन वापस लेने के अंतिम दिन 32 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद अब चुनावी मैदान में कुल 528 प्रत्याशी हैं, जिनके बीच 20 नवंबर को कड़ा मुकाबला होगा। बताते चलें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन 38 विधानसभा से 583 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था।

**किस विधानसभा में बचे कितने प्रत्याशी :** दूसरे चरण में राजमहल - 14, बोरियो - 15, बरहेट - 9, लिट्टीपाड़ा - 9, पाकुड़ - 16, महेशपुर - 15, शिकारीपाड़ा - 11, नाला - 17, जामताड़ा - 13, दुमका - 13, जामा - 18, जरमुंडी - 17, मधुपुर - 15, सारठ - 17, देवघर - 7, पौड़ेयाहाट - 13, गोड्डा - 15, महगामा - 10, रामगढ़ - 17, मांडू - 18, धनवार - 24, बगोदर - 13, जमुआ - 8, गांडेय - 15, गिरिडीह - 14, डुमरी - 12, गोमिया - 12, बेरमो - 14, बोकारो - 14, चंदनकियारी - 8, सिंदरी - 9, निरसा - 9, धनबाद - 18, झरिया - 11, टुंडी - 20, बाघमारा - 13, सिल्ली - 15 और खिजरी विधानभा में 20 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

## झूठ की बुनियाद पर खड़ी भाजपा भड़काऊ भाषण देकर कर रही है धार्मिक ध्रुवीकरण : सतीश पॉल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता हिमंता बिस्व सरमा लगातार झूठ एवं भड़काउ भाषण देकर मतदाताओं का धार्मिक ध्रुवीकरण कर रहे है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को हुसैनाबाद में, 24 अक्टूबर को जमशेदपुर में, 01 नवम्बर को सारठ के चुनावी सभाओं में हिमंता बिस्व सरमा ने एक वर्ग विशेष को टारगेट करते हुए साम्प्रदायिक भाषण दिया और धर्म के नाम पर वोट मांगा।

मीडिया चेयरमैन ने कहा है कि हिमंता बिस्व सरमा घुसपैठ की बात करते हुए अपने एक्स में झूठे आंकड़े दिखाकर लोगों के बीच साम्प्रदायिक तनाव पैदा करना चाहते हैं, जबकि 2011 में यूपीए सरकार के समय जनगणना हुई थी, उसके बाद अभी तक जनगणना नहीं हुई है। लगातार प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी मोदी सरकार से जनगणना की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक मोदी सरकार चुप्पी साधे हुए है।

सतीश पॉल मुंजनी ने कहा है कि हिमंता बिस्वा सरमा एवं भाजपा राज्य के मूल मुद्दों पर चर्चा करने से भाग रही है। जल-जंगल-जमीन, 1932 खतियान, सरना कोड, पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, राज्य में भाजपा सरकार के समय बने भूमि बैंक ये सब मुद्दों पर भाजपा बात न कर बस धर्म के नाम पर ध्रुर्वीकरण कर रही है और झारखण्डी अस्मिता को तोड़ने में लगी हुई है।

मीडिया चेयरमैन ने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ जब कांग्रेस में थे, तब भाजपा को पानी पी-पी कर कोसते थे, अवसरवादी गौरव वल्लभ आज भाजपा की झूठ की बुनियाद पर बैठकर लम्बी-लम्बी फेंक रहे हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि झारखण्ड की जनता का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रूपैया केन्द्र सरकार दबाकर बैठी हुई है। यह राशि झारखण्ड की जनता को कब मिलेगी।

## क्षेत्र के समग्र विकास के लिए झामुमो प्रतिबद्ध : कल्पना सोरेन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को हरसिंह रायडीह में गाण्डेय विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद और झामुमो गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित थे। विधायक कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में जनता से पार्टी को समर्थन देने की अपील की और कहा कि झामुमो क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी सभी से सहयोग का आह्वान किया, ताकि गाण्डेय का विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल थे। सभी सदस्यों ने झामुमो के प्रति अपना समर्थन जताया।

## इंडिया गठबंधन ने हिमंता पर लगाया हेट स्पीच देने का आरोप, सीइओ को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** झारखंड में इसी महीने दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी राजनीतिक दल चुनावी दंगल में उतर चुके हैं। एक-दूसरे पर आरोप भी लगा रहे हैं। इस बीच भाषणों में हेट स्पीच भी बढ़ने लगा है। इस पर चुनाव आयोग की भी नजर है। इस बीच असम के सीएम हेमंता द्वारा दिए जा रहे हेट स्पीच को लेकर इंडिया गठबंधन एकजुट है। वहीं हिमंता के हेट स्पीच को लेकर इंडिया गठबंधन काफी गंभीर है। हिमंता के बढ़ते हेट स्पीच को देखते हुए इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की।

## सीइओ ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों संग की विधानसभा निर्वाचन से संबंधित समीक्षा बैठक

# तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें अफसर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के लिए सारी तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनि?ित करें। वह शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ मतदान केंद्रों पर सुनि?ित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि प्रेजाइडिंग ऑफिसर के द्वारा मतदान के समय इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन का 9 नवंबर को ट्रायल रन करा लें, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

**मतदान के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर मार्किंग करा लें :** श्री कुमार ने कहा कि सभी जिले में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मानकों के अनुरूप सुनि?ित करें। मतदान के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर 100 एवं 200 मीटर की मार्किंग करा लें । उन्होंने कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी चेकपोस्टों को एक्टिव रखें एवं रात्रि में भी गश्ती करते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाएं। श्री कुमार ने जिले में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से सम्बन्धित सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा बलों की तैनाती, स्टेट बॉर्डर चेकपोस्ट, डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, वलनरेबल मैपिंग, अवैध सामग्री की जब्ती, पोस्टल बैलेट के लिए 12 डी फॉर्म का आवंटन, चुनाव कर्मियों की ट्रेनिंग एवं उनका रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टेशन की मार्किंग, मतदाता पर्ची का आवंटन आदि निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए।

**अन्य 12 पहचान पत्रों के बारे में जागरूकता जागरूक करें :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर वेबकास्टिंग से मॉनिटरिंग संबंधी एसओपी, मतदान दिवस को पेड हॉलिडे, मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त उपयोग में लाए जाने वाले अन्य 12 पहचान पत्रों के बारे में जागरूकता फैलाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपायुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर राज्य में 13, 634 लाइसेंसी आर्म्स जमा हुए: सीइओ

**राज्य में 44,015 सर्विस वोटर और 140 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव को लेकर राज्य में 16,696 आर्म्स लाइसेंस धारी हैं। इनमें से 13,634 लाइसेंसधारियों ने आर्म्स जमा करा दिया है। वहीं, राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी हैं। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। उनपर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है।

**राज्य में 16,696 आर्म्स लाइसेंस हैं :** सीईओ ने कहा कि इसी के तहत राज्य के लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में राज्य में 16,696 आर्म्स लाइसेंस हैं, जिसमें से 13,634 आर्म्स डिपॉजिट हो चुके हैं। वहीं 40 लाइसेंस अवरुद्ध किए गए है। 487 लाइसेंस को कैंसल कर डिपॉजिट कराया गया है और 1,354 लाइसेंस धारकों को उनके आवेदन के बाद जमा करने से छूट दी गई है।

**सर्विस वोटर के ट्रांसमिशन की प्रक्रिया पूरी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया की राज्य में 44,015 सर्विस वोटर के ट्रांसमिशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। पहले चरण के चुनाव में 28,471 और दूसरे चरण में 15,544 सर्विस वोटर हैं। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग की तैयारी चल रही है। वहीं वोटर ऑन इलेक्शन ड्यूटी के पोस्टल वोटिंग की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हो जायेगी।

# बड़ा तालाब की इस दुर्दशा के लिए छठ मैया भी सरकार को माफ नहीं करेगी : संजय सेठ





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को छठ के निमित्त बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस तालाब की स्थिति बहुत ही बदतर हो चुकी है। अब यहां का पानी इस लायक भी नहीं है कि श्रद्धालु इसमें छठ कर सकें। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां अब संक्रमण फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है। राज्य सरकार और नगर निगम अब तक हाथ पैर हाथ धरे बैठा हुआ है। बड़ा तालाब स्वच्छ हो, इसे लेकर 4 माह पूर्व सफाई के लिए कोल इंडिया से एक 8 करोड़ की डोजियर मशीन सफाई के लिए दिलाने का प्रयास किया था। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे पानी में श्रद्धालु छठ करेंगे। बड़ा तालाब का पूरा पानी हरा हो चुका है और इससे दुर्गंध आ रही है। बड़ा तालाब के इस दुर्दशा के लिए राज्य सरकार और नगर निगम पूरी तरह दोषी है। इस अवसर पर चुन्नू मिश्रा, मंडल अध्यक्ष ऋषभ, राहुल सिन्हा चंकी, लंकेश सिंह, राजीव सिंह, शक्ति रामायण सिंह, संजय जायसवाल, बबलू सोनी भी उपस्थित रहे।

## भाकपा माले रांची में गठबंधन की उम्मीदवार महुआ माजी की जीत के लिए करेगा सभाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले ने शनिवार को विधानसभा चुनाव 2024 पर अपना पांच बिंदुओं पर आधारित संकल्प पत्र जारी किया। भाकपा माले के सुवेंदु सेन, चुनाव अभियान समिति के प्रभारी नदीम खान ने कहा कि जारी संकल्प पत्र में पांच केंद्र बिंदुओं को फोकस किया गया है। इन्हीं मुद्दों के साथ हमारी पार्टी चुनाव में भागीदारी निभायेगी। भाकपा माले 4 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। तीन विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रहीं जिसमें बगोदर, सिंदरी, निरसा और चौथा राजधवार से भी माले चुनाव लड़ रहा है।

यहां से राजकुमार यादव चुनावी मैदान में हैं। पूर्व के चुनाव में माले धनवार से तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई थी। इस बार हमे उम्मीद है, कि धनवार में हम बिजेपी को शिकस्त देने में कामयाब होंगे।

यही कारण है कि धनवार सीट पर हम मजबूती के साथ लड़ रहे है। इसके अलावे हमारी पार्टी अन्य सभी क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन के साथ हैं। माले नेताओं ने कहा कि रांची से गठबंधन की प्रत्याशी महुआ माजी को पार्टी पूरी तरह से सपोट करेगी। उनकी जीत के लिये पार्टी कैपेयन चलायेंगी।

घर घर पंपलेट बाटेंगे, और इस तरह बीजेपी को फिर से सत्ता में आने से रोकने की पुरजोर कोशिश होगी। इस अवसर पर माले राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर बेदिया, सेंट्रल कमेटी सदस्य आरडी मांझी, रांची जिला कमेटी के सदस्य सुशिला तिग्गा, जिला कमेटी सदस्य जगन्नाथ उरांव उपस्थित थे।

# सदर थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने महिला से की छिनतई

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीनियर अधिकारियों के निर्देश के बाद भी राजधानी रांची में छिनतई की वारदातों पर रोक लगाने में लगातार पुलिस नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला रांची के सदर थाना क्षेत्र का है, यहां एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो अपराधियों ने सरेआम सोने की चेन छिनतई कर आराम से फरार भी हो गए।

**सरेआम छिनतई की घटना**

राजधानी रांची में सदर थाना क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीनकर अपराधी फरार हो गए। मामले को लेकर बुजुर्ग महिला के बेटे विकास विजय ने सदर थाना में एफआईआर दर्ज करवाया है। बुजुर्ग महिला के पुत्र द्वारा दिए आवेदन के अनुसार उनकी माता शनिवार की सुबह बाजार से अपने घर लौट रही थी। बुजुर्ग महिला अपने घर के बिल्कुल पास आ गई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधी ने अचानक सामने से आकर उनके गले से सोने की चेन झपट लिया और फिर फरार हो गए।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

दिन के उजाले में घर से बिल्कुल नजदीक अपराधियों के द्वारा छिनतई की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक बाइक पर सवार दो अपराधी काफी देर से विवेकानंद मोहल्ले में इधर-उधर घूम रहे थे। अपराधियों को देखकर यह पता चलता है कि वह काफी देर से बुजुर्ग महिला की रेकी कर रहे थे। जैसे ही महिला अपने कॉलोनी की तरफ आने लगी वैसे ही सामने से जाकर अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी आसानी से फरार भी हो गए।

**तलाश में जुटी पुलिस**

सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दोनों अपराधी हेलमेट पहने हुए हैं, लेकिन एक अपराधी ने जब हेलमेट खोला था तब उसकी तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों की पहचान की जा रही है। थाना में चेन की छिनतई करने वाले अपराधियों का जो डोजियर खोला गया है, उनके आधार पर दोनों अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के बाइक का नंबर भी कैद हुआ है। जिस पर बैठकर दोनों अपराधी ने छिनतई की वारदात को अंजाम दिया है।

# झारखंड में चल रही है एनडीए और बीजेपी की लहर : भाजपा

## कई लोगों ने शनिवार को थामा भाजपा का दामन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को निर्दलीय उम्मीदवार अमित शर्मा सहित कई लोगों ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में एनडीए और बीजेपी की लहर है। झारखंड चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी के कई नेताओं ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। पार्टी में नाराजगी होती है।

हम लोग सभी से बातचीत कर उनकी नाराजगी दूर कर रहे हैं। इस दौरान कई सदस्य बाहर निकल गए थे। उन्हें भी दोबारा पार्टी में लाने का काम हो रहा है।

अमित शर्मा और उनका परिवार झारखंड की संस्कृति की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते हैं। अमित शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी से नामांकन वापस ले लिया है। इनके भाजपा से जुड़ने से सिंहभूम में पार्टी को बहुत ताकत मिलेगी।

**इन्होंने थामा भाजपा का दामन :** निर्दलीय प्रत्याशी अमित शर्मा, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू राव, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के महेश सहित विजय नारायण, नवीन कुमार, गोल्डन पांडे, श्रवण पासवान, विभीषण गोप, नीरज कुमार ओझा, सत्य प्रकाश, बच्चन सिंह, संदेश तिवारी, हरेंद्र पांडेय सहित अन्य ने भाजपा का दामन थामा।

## झारखंड विस चुनाव : अर्द्धसैनिक बल के जवानों को दिया दिशा-निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बल के जवानों को ब्रीफिंग की गयी। शनिवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सिटी एसपी राजकुमार मेहता के साथ रांची पुलिस के अधिकारियों ने सुरक्षाबलों को एक-एक बिंदुओं को ब्रीफ किया। पुलिस अधिकारियों ने दिशा निर्देश भी दिये। सुरक्षाबलों को कहा गया कि किसी भी तरह से संदिग्ध गतिविधि या माहौल दिखे तो अविलंब वरीय अधिकारियों को सूचित करें।

इस दौरान सैप, आरपीएफ, आरपीएसएफ, सीआरपीएफ की कंपनी शामिल थे। वहीं, सभी कंपनी के नोडल अधिकारी भी मौजूद थे।

## अजय नाथ ने हटिया में किया चुनाव प्रचार, कहा- एक मौका दें



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने शनिवार को हटिया विधानसभा के अनेक स्थानों में पदयात्रा और बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया। वे हटिया,लालगुटवा,हिनू बस्ती, डिबडीह,कुटे, लाबेद,तिरील,छोटा घाघरा, सेक्टर 2 सहित अन्य स्थानों में चुनाव प्रचार कर वोट मांगा। उन्होंने बिरसा चौक में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य, अच्छे सरकारी अस्पताल, अच्छे सरकारी स्कूल और हटिया के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें इस बार एक मौका दें। उन्होंने कहा कि हटिया की जनता अब बदलाव चाहती है और वे उन्हें एक बेहतर और विकसित हटिया देना चाहते हैं।

# पोलिंग पार्टी के मतदान स्थल पहुंचने और वोटिंग के बाद पंडरा वज्रगृह तक लौटने की पुख्ता तैयारी पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित एनआइसी कॉन्फ्रेंस कक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गयी। इसमें प्रथम चरण में दिनांक-12.11.2024 को मतदान दल के मोरहाबादी से प्रस्थान एवं दिनांक-13.11.2024 को मतदान दल के पंडरा स्थित बज्रगृह में आगमन तथा द्वितीय चरण में दिनांक 19.11.2024 को मतदान दल के प्रस्थान एवं दिनांक-20 11.2024 को बज्रगृह में आगमन पर चर्चा हुई। इस बैठक में डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, सामग्री कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार,



जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, प्रदीप भगत, सहायक विज्ञान पदाधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा सभी सम्बंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी से विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी ले आउट प्लान पर चर्चा की गई, उन्होंने सभी पोलिंग पार्टी को सामग्री वितरण, उनके बैठने की व्यवस्था (विधानसभावार), सामग्री वितरण के लिए काउंटर के सम्बन्ध में, चेक लिस्ट की सूची के बारे सम्बंधित पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए सभी कार्यों के लिए फॉलो चार्ट बनाने का निर्देश दिया। ताकि सारें सम्बंधित कार्य ससमय पूरा हो जाए।

## खबर एक नजर में

### महुआ के समर्थन में कल्पना का शोड शो आज

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉ. महुआ माजी के समर्थन में रविवार की 6 बजे से रांची में भव्य रोड शो करेंगी। यह रोड शो नेपाल हाउस से शुरू होकर महादेव मंडा, कर्बला चौक, गुदड़ी चौक, तड़पखना, अपर बाजार, जैन मंदिर, बड़ा तालाब, पुरानी रांची, किशोर गंज, पहाड़ी मंदिर, चुना भप्ता सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा। रोड शो में बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता समर्थक और आमजन शामिल रहेंगे।

### निचली कोर्ट में अवकाश को लेकर कैलेंडर जारी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट की ओर से राज्य की निचली कोर्ट में अवकाश को लेकर कैलेंडर जारी कर दिया गया है। राज्य में पहली निचली कोर्ट में वार्षिक अवकाश की जगह पर गर्मी के अवकाश की घोषणा की गई है। जारी कैलेंडर के अनुसार 24 मई से छह जून तक गर्मी का अवकाश होगा। वहीं, निचली अदालतों में वार्षिक अवकाश दुर्गा पूजा के षष्ठी तिथि से छठ तक यानि 30 दिनों तक अवकाश रहता है। इस दौरान सिर्फ अतिमहत्वपूर्ण मामलों में ही सुनवाई होती है। अवकाश में बदलाव करने को लेकर राज्य की सभी जिला बार एसोसिएशन से मंतव्य मांगा गया था। रांची को छोड़ कर सभी जिलों ने गर्मी में अवकाश दिए जाने पर अपनी सहमति जताई है। इसके बाद कैलेंडर जारी किया गया है। इसी तरह हाई कोर्ट के छुप्ती का कैलेंडर जारी किया गया है।

### मूलवासी सदान किस दल का करेंगे समर्थन, निर्णय आज

**रांची।** राज्य के मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को राजधानी रांची में होगी। इसमें विधानसभा चुनाव में मूलवासी सदान मोर्चा की क्या भूमिका होगी? इस पर विचार किया जायेगा। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि किसी पार्टी को समर्थन करना चाहिये या नहीं, यह बैठक में ही तय होगा। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों का हित सर्वोपरि है, जो दल मूलवासी सदानों की हितों में बात करेगा। उसी दल को समर्थन देने पर जरूर विचार होगा। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति, स्थानीय नीति, सदान आयोग का गठन, पंचायतों में सदान मुखिया प्रमुख जिला परिषद अध्यक्ष होंगें या नहीं? ओबीसी आरक्षण सदान सवर्ण के आरक्षण व परिसिमन कराने को लेकर राजनीतिक दलों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। कहा विधानसभा में यह सभी विषय प्रमुख मुद्दा होगा। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर भी रविवार से ही राज्य के दौरे पर जाएंगें।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के 953 अफसरों की वरीयता सूची जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 953 अफसरों का सीनियरिटी लिस्ट जारी कर दी है। कार्मिक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस लिस्ट को लेकर अफसर 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। फिर आपत्तियों की समीक्षा के बाद नये सिरे से लिस्ट जारी की जायेगी।

**झारखंड लोक सेवा से अनुशंसित अफसरों को शामिल नहीं किया गया:** बताते चलें कि इस लिस्ट में झारखंड लोक सेवा से अनुशंसित अफसरों को शामिल नहीं किया गया है। इस लिस्ट में बिहार पुर्नगठन अधिनियम 2000 के तहत पारस्परिक और एकल स्थानांतरण के तहत झारखंड आये अफसरों को शामिल किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद यह सूची जारी की गयी है।

### नामकुम में उत्पाद विभाग का छापा, एक ट्रक अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम लगातार अभियान चलाया रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ नामकुम थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने हाईटेंशन मैदान के सामने स्थित साई मंदिर के बगल से एक ट्रक अवैध विदेशी शराब बरामद की। मौके से उत्पाद विभाग की टीम ने तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया।

### फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास पर सभी निगमों को कोर्ट ने बनाया प्रतिवादी

**रांची।** फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य के सभी नगर निगम और अधिसूचित क्षेत्र को प्रतिवादी बनाने का निर्देश देते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। इसमें अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। कोर्ट ने कहा है कि फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास का मामला पूरे राज्य से जुड़ा है इसलिए सभी निगमों को प्रतिवादी बनाकर उनका पक्ष जानना जरूरी है। पूर्व में कोर्ट ने कहा था कि सिर्फ सब्जी विक्रेता एवं फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से काम नहीं चलेगा। उनके लिए रांची नगर निगम शहर में जगह चि?त करे। शहर में जिन-जिन जगहों पर सब्जी विक्रेता बैठते हैं और फुटपाथ दुकानें लगती हैं, उसे ध्यान में रखकर इनके लिए जगह चि?त की जाए। सिर्फ फुटपाथ और सब्जी विक्रेताओं पर डंडा चलाने से नहीं होगा, उन्हें सब्जी बाजार एवं दुकान लगाने के लिए जगह भी दी जाए। यह उनकी आजीविका का साधन है। सब्जी विक्रेता ग्रामीण इलाकों से आते हैं और अपने उत्पाद को बेचकर चले जाते हैं। ऐसे में उनके उत्पाद के बदले उन्हें समुचित मूल्य मिले इसके लिए रांची नगर निगम को एक जगह निर्धारित करना होगा। रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची में फुटपाथ दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए तीन स्थानों डिस्टलरी पुल के पास, नागा बाबा खटाल एवं अटल मार्केट बनाए गए हैं। फुटपाथ दुकानदारों के लिए कुछ और जगह चिह्नित किए गए हैं।

### हटिया में पिछले 12 साल में जितना काम हुआ, 60 सालों में उतना काम नहीं हुआ था : नवीन



**रांची।** पलांडू,हरही, डुमरटोली, पलान्डु महतो टोला, कुम्बाटोली,जरा टोली, छोटा खुँटा,बड़ा खुंटा, डोका टोली, पंच छिंगा में हटिया से भाजपा प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर पदयात्रा और जनसंपर्क करते हुए कहा की हटिया विधानसभा की तमाम जनता से सदैव मेरा पारिवारिक रिश्ता रहा है। हटिया विधानसभा क्षेत्र में पिछले 12 साल में जितना काम हुआ है 60 सालों में उतना काम नहीं हुआ था। .हटिया कभी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता था,आज हटिया का सर्वांगीण विकास हो रहा है। जनसंपर्क मे मुख्य रूप से भाजपा प्रत्यशी के साथ सुधाकर चौबे, जय किशन महतो, शीला देवी, रेणुका देवी, रमेश महतो, विंध्याचल महतो, दिलीप तिर्की,अनिल गोप,विनोद केसरी, बिनोद उरांव, आतेसर शाही,छोटन महतो, आदि सेकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री डोरंडा बाजार काली पूजा पंडाल में देर रात तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

- मां काली की पूजा शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति डोरंडा द्वारा आयोजित मां काली की पूजा शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ की गयी। प्रातः नौ बजे से नित्य पूजा प्रारंभ हुई। आचार्य दिनेश गांगुली व पंडित जयराम पाठक के सान्निध्य में माता की पूजा अर्चना आरती पुष्पांजलि और भोग निवेदन किया गया। नित्य पूजा में बड़ी संख्या में माता भक्त सम्मिलित हुए और मां काली से मंगल आशीष की कामना की। मां काली के दर्शन के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता की नयनाभिराम प्रतिमा और विशेष लाईट ईफेक्ट से जगमगाते भव्य पूजा पंडाल का अवलोकन कर भक्त गदगद हो गये। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया,सचिव जयदेव घोष, उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय के अलावे निर्मल गुप्ता, प्रदीप कुमार, मुन्ना प्रकाश वर्मा, अशोक घोष, अशोक पासवान, प्रकाश मामा, चंदन सिंह, त्रिपुरारी सिंह, विश्वनाथ राम, राहुल चौरसिया, शामिल घोष आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने दी।

## विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आज निकलेगी विसर्जन शोभायात्रा



रांची। विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति बारियातू हाउसिंग कॉलोनी में शनिवार को श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। सुबह में बंगाल से आये हुए पुरोहित चमन राय के द्वारा बड़े ही विधि विधान के साथ पूजा करायी गयी। मां श्यामा काली का रूप देख कर भक्तजन मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। मां काली को खिचड़ी का महाभोग लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने मां का महाभोग ग्रहण किया। श्री काली पूजा समिति के राणा रणधीर ने बताया कि आज मां को चना घुघनी एवं हलवे का भोग लगाया जायेगा। तत्पश्चात दोपहर 2:00 बजे मां काली की भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी और बरियातू स्थित नालंदा तालाब में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## वैश्य मोर्चा की संचालन समिति का विस्तार, चार नये सदस्य शामिल

- आज कांके में होगी विस्तारित बैठक, लिये जायेंगे कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की पिछली बैठक में 21 सदस्यीय संचालन समिति बनाने का निर्णय लिया गया था। उसमें 17 सदस्यों को शामिल करने के बाद चार सदस्यों को नियुक्त करने के लिए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू को अधिकृत किया गया था। इसी के आधार पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू द्वारा कृष्णा साहू (कांके), दिलीप प्रसाद (धुर्वा), रोहित कुमार साहू (ओरमांझी) एवं युवराज साहू (अरगोड़ा) को संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। साथ ही इनसे आग्रह किया गया है कि 3 नवंबर को कांके में होने वाली संचालन समिति की बैठक में आवश्यक रूप से शामिल हों।

मालूम हो कि कल 3 नवंबर को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की संचालन समिति की बैठक कांके में रखी गई है।

इस बैठक में अगले सत्र के लिए केंद्रीय समिति का गठन, विधानसभा चुनाव पर चर्चा के बाद रणनीति तथा वैश्य समाज पर बढ़ रहे हमलों और रंगदारी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ठोस निर्णय लिया जायेगा।

## तपोवन मंदिर में अन्नकूट भंडारा का आयोजन



रांची। तपोवन मंदिर में अन्नकूट भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर महंत ओम प्रकाश शरण एवं अयोध्या से पधारे लाल साहब दरबार कनक भवन के महंत भी उपस्थित थे।

## एआईएमआईएम प्रत्याशी महताब आलम ने किया जनसंपर्क



रांची। रांची विधानसभा सीट से एआईएमआईएम प्रत्याशी महताब आलम ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दौरा किया। वहीं शहर में चल रहे इदारा जैसे पठान तंजीम, अंजुमन के मेंबर सहित कई सामाजिक संस्था का समर्थन रांची के प्रत्याशी महताब आलम को मिला। उन्होंने हिन्दपीढ़ी, कुर्बान चौक, ग्वाला टोली, मोती मस्जिद,रत्न टाकीज आदि मोहल्ला का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर, अरमान, पप्पू गद्दी, रागिब, अजहर, इमरान, शाहिद, रेम्बो, जावेद अंसारी, परवेज आलम, शहनाज, जाकिर, तोहिद मो, अली, मो. उमर आदि लोग शामिल थे।

# इंडी गठबंधन के नेता सनातन विरोधी : हिमंता

- भाजपा में कोई बागी नहीं, मजबूती से लड़ रहे हैं, जीतेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड के सियासी समर में नेताओं के जुबानी जंग जारी है। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को सनातन विरोधी करार दिया। उन्होंने राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव, हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव के साथ साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं पर हिंदू समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि अगर सनातन और हिंदू समाज एक रहेगा, तो हम सब सेफ रहेंगे। नहीं तो हमारा झारखंड जैसा प्रदेश को इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसा लोग कब्जा कर लेगा। शनिवार को वह प्रदेश भाजपा दफ्तर में मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे।

पत्रकारों के सवाल पर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि एनआरसी को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में जो केंद्र सरकार के द्वारा हलफनामा दाखिल किया गया है, उसी के तहत बांग्लादेशी को शिनाख्त करना होगा। विरोधियों द्वारा घुसपैठियों के खिलाफ बोले जाने पर हो रही आलोचना का जवाब देते हुए हिमंता ने कहा कि कौन सा कानून में घुसपैठ के खिलाफ बोलना अपराध है। हुसैनाबाद में उनके खिलाफ दर्ज मुकदमा पर उन्होंने कहा, मैंने इस शहर का नाम बदलने की बात की थी। उस स्थान का नाम सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, बिरसा मुंडा के नाम पर क्यों नहीं होना चाहिए। अगर यह जुर्म है तो झारखंड बनाने का आंदोलन भी गैरकानूनी होगा।

### भगवान बिरसा पर समर्पित होगा संकल्प पत्र

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर समर्पित होगा। रविवार को सुबह 10 बजे निजी होटल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। उन्होंने कहा, अब भाजपा में कोई नाराज या खफा नेता या कार्यकर्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा, सभी मान गये हैं। हम चुनाव मैदान में मजबूती के साथ उतरे हैं और जीतेंगे। सिमोन मालतो के झामुमो में जाने के सवाल पर उन्होंने महाभारत का उदाहरण दिया। कहा कि हमने भगवान श्रीकृष्ण और उनकी सेना में से भगवान श्रीकृष्ण को चुना है, इसलिए हमने चंपई सोरेन को चुना है।

## भाई दूज आज, बहनें करेंगी भाइयों की लंबी उम्र की कामना

रांची। भाई दूज का त्योहार बहन और भाई के बीच प्रेम को दर्शाता है। भाई दूज का त्योहार आज मनाया जाएगा। इस मौके पर बहन भाई को तिलक लगाती है और साथ ही भाई की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। भाई दूज के साथ ही कार्तिक पंचपर्व का समापन भी हो जाएगा। भाई दूज पर भाई को तिलक करने का शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 45 मिनट से लेकर 1 बजकर 36 मिनट तक रहेगा।

## सूरजमनी सिंह को मातृ शोक

रांची। सूरजमनी सिंह, धुर्वा की माता जी (उम्र 88 वर्ष) का स्वर्गवास शनिवार दिनांक 2 नवंबर 2024 को हो गया। उन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र चंद्रमणि सिंह, कंचनमनी सिंह, सूरजमनी सिंह, पुत्री पूनम सिंह, आरती सिंह एवं पोता-पोती तथा नाती-नतिनी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ा है।

# 555वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने प्रभात फेरी निकाली

- शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को दूसरे दिन तड़के 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा के पार्किंग गेट से प्रभात फेरी का आरंभ हुआ। सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभात फेरी की अगुवाई की और प्रभात फेरी सुनील कुमार मिढ़ा, चंदन अरोड़ा, अर्जुन देव मिढ़ा की गलियों से होते हुए कॉलोनी स्थित श्री गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा साहिब पहुंची। जहां गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा कमेटी के प्रकाश गिरधर, अमरजीत मुंजाल एवं गिरीश मिढ़ा ने प्रभात फेरी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि आज तीसरे दिन की प्रभात फेरी कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर रिम्स बरियातू के सामने डॉक्टर अजय छाबड़ा के फ्लैट तक जाएगी, वहां से निकलकर बरियातू रामेश्वरम स्थित हरीश अरोड़ा, पप्पू काठपाल के अपार्टमेंट जाएगी और फिर वहां से रामेश्वरम स्थित स्व. जगत सिंह सुखीजा, लेखराज अरोड़ा, प्रकाश अरोड़ा, हंसराज अरोड़ा और प्रेम मिढ़ा के संयुक्त आवासीय परिसर पहुंचेगी और यही प्रभात फेरी का समापन हो जाएगा।

## खबर एक नजर में

### श्याम बाबा को कार्तिक माह के पावन अवसर पर भोग अर्पित



रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक माह के पावन अवसर पर प्रातः 11 बजे से 1 बजे फिर पुनः 4 बजे से शाम 6 तक श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान निर्मल मोदी अपने पूरे परिवार के साथ श्री श्याम बाबा को अंकुट का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं मोदी परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय- लखदातार की जय जयकारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पाड़िया, प्रमोद बगड़िया, बिनोद सारस्वत, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, राजेश सारस्वत, नितेश लखोटिया का सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने किया भोजन का वितरण



रांची। फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में भोजन का वितरण किया। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने बताया कि क्लब के इस प्रोजेक्ट के चौथे चरण में लगभग 800 से 1000 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया है। समाजसेवियों के प्रोत्साहन से इस कार्यक्रम को सफलता मिल रही है। प्रत्येक सप्ताह लोगों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में और सहयोग करने के लिए अस्पताल प्रबंधन और क्लब के सदस्यों और समाजसेवियों के प्रति आभार जताया। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल इस प्रयास की सराहना की। क्लब के सचिव मनोज मिश्रा ने सदस्यों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण करना सराहनीय प्रयास है। इससे समाज के अन्य लोगों को ऐसे नेक प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के उपाध्यक्ष खुशबु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, तलविंदर कौर, अल्तमश आलम, पीयूष कुमार, चिंटू चौधरी का योगदान रहा।

### बायोम इंस्टीट्यूट ने सफलता का सातवां स्थापना दिवस मनाया



रांची। बायोम इंस्टीट्यूट ने शनिवार को अपनी सफलता का सातवां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर संस्था में केक काट कर खुशियां बांटी गयीं। संस्था के निदेशक सह एमडी पंकज सिंह, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। पंकज सिंह ने संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने संस्था के इतिहास और विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि दर्जन भर विद्यार्थियों और इक्का-दुक्का शिक्षकों के साथ शुरू हुई संस्था आज मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने को समर्पित है। संस्था के विद्यार्थियों और शिक्षकों के बल पर प्रतियोगिता परीक्षा का लगातार बेहतर परिणाम मिल रहा है। विद्यार्थी नीट-यूजी में झारखंड टॉपर बन संस्था को गौरवान्वित कर रहे हैं। हमें अपने स्थापना दिवस पर गर्व है और हम भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### चब्बी चिक्स किड्स प्ले स्कूल में बच्चों ने दीपावली मनायी



रांची। पीपी कंपाउंड, मेन रोड स्थित चब्बी चिक्स किड्स प्ले स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने स्कूल परिसर में दीपावली मनायी। इस दौरान बच्चों से कई प्रकार के एक्टिविटी कराये गये। एक्टिविटी से बच्चे काफी उत्साहित दिखे। स्कूल की प्रिंसिपल नेहा आर्या ने कहा कि इन एक्टिविटी से बच्चों का धीरे-धीरे मानसिक विकास होता है। छोटे-छोटे बच्चे हर पर्व-त्योहार के बारे में जान सकें, इसी मकसद से यह एक्टिवटी करायी जाती है। स्कूल में भाषा और सामाजिक कौशल, संगीत, नृत्य, खेल, योग, कला और शिल्प आदि जैसी गतिविधियां नियमित रूप से होती हैं। प्रिंसिपल नेहा आर्या ने कहा कि दो से पांच साल की उम्र के बच्चों के लिए एक बेहतर माहौल दिया जाता है, ताकि बच्चे काफी कुछ सीख सकें। स्कूल में खास बात यह है कि बच्चों की सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाता है। इसके लिए सीसीटीवी की सुविधा है। स्कूल स्टाफ बच्चों के साथ ढल कर उनके अनुसार व्यवहार करते हैं, इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। स्कूल में ट्रांसपोर्ट की सुविधा प्रदान की जाती है। स्कूल का फीस स्ट्रक्चर काफी किफायती है।

### भाकपा माले के घोषणा पत्र में स्थानीयता व रोजगार पर दिया गया है जोर

रांची। भाकपा माले ने शनिवार को गिरिडीह में अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी कर दिया। घोषणा पत्र में पार्टी ने स्थानीयता, रोजगार, झारखंडियों के मूल अधिकार, जन अधिकारों के साथ ही झारखंडी हितों व विकास की बात कही है। पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य सह गिरिडीह जिलासचिव जनार्दन प्रसाद ने यह पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जनहित से कभी भी समझौता नहीं किया। अलग झारखंड राज्य के लिए पार्टी ने संघर्ष किया है। जनार्दन प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने झारखंड को इडी, सीबीआइ की प्रक्रियाओं के जाल में बंधक बनाये रखा है। भाजपा झारखंड को अडानी के हाथों सौंप देना चाहती है। गोड्डा के बाद अब वह हजारीबाग के बड़कागांव के जंगल और गांव को कोल माइंस के जरिये हड़प रही है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार तय है। वाम नेताओं ने कभी भी जनता के हितों के साथ किसी सरकार या पूंजीपति से समझौता नहीं किया। माले के विधायक या सांसद या पार्टी के कार्यकर्ता संघर्षों में हमेशा साथ रहे हैं। प्रेस वार्ता में पार्टी के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि भाकपा माले ने गठबंधन धर्म निभाया है। माले सभी सीटों पर बेहतर कार्य कर रही है. साथ ही बताया कि पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। धनवार में दोस्ताना संघर्ष है। इस दौरान जिला कमिटी सदस्य प्रीति भास्कर, इंकलाब नौजवान सभा से अखिलेश राज, सनातन साहू, माले नेता शंकर पांडे, मजहर अंसारी चुन्नू, एकराम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# झारखंड में विधानसभा चुनाव : मुख्य मुद्दे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चुनाव पर विशेष**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की महत्वपूर्ण घटनाएं हैं, जो राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को दर्शाती हैं, जो इसकी आबादी को प्रभावित करने वाले असंख्य मुद्दों से आकार लेती हैं। 2000 में गठित भारत के सबसे युवा राज्यों में से एक झारखंड ने कई चुनौतियों का सामना किया है, जो चुनावी नतीजों और मतदाता भावना को प्रभावित करती है। झारखंड में सबसे प्रमुख मुद्दों में से एक विकास है। कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों सहित अपने समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद, राज्य समग्र विकास संकेतकों में पिछड़ गया है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली और स्वच्छ पेयजल जैसे बुनियादी ढांचे का अभाव है। स्कूलों और अस्पतालों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे की मांग चुनाव अभियानों में एक आवर्ती विषय है। मतदाता आर्थिक विकास को बढ़ाने और जीवन स्तर को बेहतर बनाने की योजनाओं के बारे में उम्मीदवारों से आश्वासन चाहते हैं। झारखंड में आदिवासी आबादी काफी है और चुनाव के दौरान आदिवासी अधिकारों और भूमि स्वामित्व से जुड़े मुद्दे अहम होते हैं। पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) और वन अधिकार अधिनियम जैसे कानूनों का क्रियान्वयन अक्सर विवादास्पद विषय होता है। कई आदिवासी समुदायों को लगता है कि औद्योगिकीकरण और खनन गतिविधियों के कारण भूमि और संसाधनों पर उनके अधिकारों का अतिक्रमण हो रहा है। इन मुद्दों पर उम्मीदवारों के रुख आदिवासी मतदाताओं के समर्थन को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं, जिससे यह एक महत्वपूर्ण चुनावी मुद्दा बन जाता है। झारखंड में बेरोजगारी की उच्च दर, खासकर युवाओं के बीच, रोजगार सृजन एक और गंभीर मुद्दा है। कई मतदाता रोजगार के अवसरों की कमी और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता के बारे में चिंतित हैं। राजनीतिक दल अक्सर छोटे और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और कृषि और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश करने सहित विभिन्न तरीकों से रोजगार सृजन का वादा करते हैं। इन वादों की प्रभावशीलता मतदाताओं द्वारा बारीकी से जांची जाती है।

झारखंड में भ्रष्टाचार एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है, जो राजनीतिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को प्रभावित कर रहा है। राजनीतिक नेताओं और नौकरशाहों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने शासन परिदृश्य को खराब कर दिया है। मतदाता अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। चुनावों के दौरान, भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और सुशासन प्रथाओं पर जोर देने वाली पार्टियां अक्सर जनता के साथ अच्छी तरह से जुड़ जाती हैं। झारखंड में सामाजिक न्याय के मुद्दे, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण नीतियों से संबंधित, महत्वपूर्ण हैं। हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए समान प्रतिनिधित्व और अवसरों की मांग चुनावी रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राजनीतिक दल अक्सर इन समूहों की आकांक्षाओं को संबोधित करने के लिए अपने घोषणापत्र तैयार करते हैं, जिसका उद्देश्य उनके वोट हासिल करना होता है। झारखंड में कई लोगों के लिए कृषि प्राथमिक आजीविका है, और किसानों को अपर्याप्त सिंचाई सुविधाओं, फसल की विफलता और उनकी उपज के लिए उचित मूल्य की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन और बाजार में उतार-चढ़ाव से कृषि संकट और भी गंभीर हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। चुनाव अभियान अक्सर बेहतर कृषि नीतियों, सब्सिडी और किसानों के लिए सहायता प्रणालियों के वादों पर केंद्रित होते हैं, जो ग्रामीण वोट हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच मतदाताओं के लिए एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है। कोविड-19 महामारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कमियों को उजागर किया, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे और सेवाओं की मांग बढ़ी। इसी तरह, शिक्षा की गुणवत्ता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, लगातार चिंता का विषय रही है, पहुंच और गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की मांग की गई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कारकों के जटिल अंतर्संबंध को समाहित करते हैं। विकास, आदिवासी अधिकार, रोजगार, भ्रष्टाचार, सामाजिक न्याय, कृषि संबंधी चुनौतियां और स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे प्रमुख मुद्दे चुनावी चर्चा का केंद्रबिंदु हैं। जैसे-जैसे मतदाता मतदान के लिए आगे बढ़ेंगे, उनकी पसंद न केवल उनकी तात्कालिक चिंताओं को दर्शाएगी, बल्कि राज्य के बेहतर भविष्य के लिए उनकी उम्मीदों को भी दर्शाएगी। झारखंड में मतदाताओं का विश्वास और समर्थन हासिल करने की चाहत रखने वाले किसी भी राजनीतिक दल के लिए इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना महत्वपूर्ण होगा।

**-डॉ अंबरीश गौतम,** लेखक अमेटी यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

## समय संवाद

आवश्यकता है कि दसवीं के बाद से ही उन संस्थानों और करियर की जानकारी लेना आंरभ करे दे। आज इंटरनेट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। हर समाचार पत्र और मैग्जीन इसकी सूचना देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि वे इस बात की जांच कर लें कि जिस संस्थान में काम कर रहे हैं उनकी मान्यता है या नहीं। जान बूझकर भी गलत जानकारी दी जाती है। विज्ञापन से भ्रमित होने से बचे और अपने स्रोतों से भी संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल कर लें जिससे उनका करियर सुरक्षित रहे और बेहतर बने।

# सही संस्थान और मानसिक शक्ति का महत्व



**डॉ मेरी ग्रेस**



हर वर्ष कक्षा दस या बारहवीं के परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र अपने करियर के बारे में सोचने लग जाते हैं। वे शिक्षक, अभिभावक या काउंसलर से अपने भविष्य के बारे में बात करने लगते हैं। वह चुने हुए क्षेत्र में ही करियर बनाना चाहते हैं। यह अच्छी बात है लेकिन उनके जीवन में व्यावसायिक डिग्री लेने के लिए छह से दस वर्ष का समय महत्वपूर्ण होता है। इन वर्ष में ही उनका वास्तविक करियर बनता है। इसमें वे संबंधित संस्थान, करियर और डिग्री लेते हैं। इसके बाद वे जॉब्स में जाते हैं या अपना व्यापार करते हैं। आज एक से एक रोजगार और करियर की संभावना बन रही है। प्रचलित क्षेत्र जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विस, सहित रिटेल, आईटी और अन्य कई परम्परागत और नए करियर की संभावनाए सामने हैं। करियर की भरमार है और बेहतर शिक्षण संस्थान भी है जो पढ़ाई के साथ प्लेसमेंट भी कराते हैं। आवश्यकता है कि दसवीं के बाद से ही उन संस्थानों और करियर की जानकारी लेना आंरभ करे दे। आज इंटरनेट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। हर समाचार पत्र और मैग्जीन इसकी सूचना देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि वे इस बात की जांच कर लें कि जिस संस्थान में काम कर रहे हैं उनकी मान्यता है या नहीं। जान बूझकर भी गलत जानकारी दी जाती है। विज्ञापन से भ्रमित होने से बचे और अपने स्त्रोतों से भी संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल कर लें जिससे उनका करियर सुरक्षित रहे और बेहतर बने। इससे समय और धन दोनों का सदुपयोग हो पाता है और करियर बेहतर बनता है।

**मानसिक शक्ति कितना जरुरी**

अंग्रेजी में एक शब्द है मेंटल कमिटमेंट। इसे हम हिंदी में मानसिक शक्ति भी कहते है। यह सफलता के लिए बेहद आवश्यक गुण है। अगर आपमें मानिकस शक्ति, या ठहराव नहीं है तो आप लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकते। आखिर यह मेंटल कमिटमेंट है क्या?

मेरे कार्यालय में जब हम दोपहर में भोजन करते हैं तब हमारे मुस्लिम सहयोगी हमारे साथ होने के बाद भी एक बूंद पानी तक नहीं पीते हैं उनकी भोजन में कोई रूचि नहीं होती है। उनकी खाने के प्रति जो रोजा के दिनों में अरूचि होती है वह मेंटल कमिटमेंट का एक बड़ा उदाहरणहै। यह कमिटमेंट शतप्रतिशत होना चाहिए यानि 100 प्रतिशत। अगर हमारी दृढ़ता में दो प्रतिशत की कमी हो जाए और यह 98 प्रतिशत भी जो जाए तो परिणाम में भारी अंतर आ जाएगा। अगर आप अपनी दृढ़ता से समझौता करेंगे तो आप कभी भी सफल नहीं हो सकते हैं। अगर यही हाल रहा और बार-बार आप अपने कमिटमेंट से समझौता करते रहे तो परिणाम शून्य हो जाएगा।

जिनकी मानसिक शक्ति उच्च शिखर पर होती है विपरीत स्थिति में यही मानसिक शक्ति उनके जीवन में बड़ा काम का साबित होता है। जिस प्रकार रोजदार अपने नियमों के प्रति दृढता के साथ होता है वैसे हम सभी को अपनी सफलता के लिए दृढ़ रहना चाहिए। यह दृढ़ता सौ प्रतिशत होना चाहिए। सौ फिसदी दृढ़ता और 99 प्रतिशत दृढ़ता में अंतर होता है। विशेषकर युवाओं को अपने जीवन में उंचें सपने पालते हैं उन्हें यह बात समझ लेना चाहिए कि आपने अगर एक बार भी समझौता किया तो संभव है कि आपको बार-बार समझौता करना होगा।

# धर्म का ज्ञान प्रतिको व कर्म कांड से आंरभ होता है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर )**

# पूजा से बनते संस्कार



छोटा हो या बड़ा, अपने घर की इच्छा हर किसी की होती है। लोग सारी उम्र मेहनत कर अपने सपनों का आशियाना तैयार करते हैं और चाहते हैं कि उनका सारा जीवन घर में खुशहाली के साथ बीतें। नए घर में प्रवेश करने से पहले लोग हवन, पूजा-पाठ और कीर्तन आदि करवाते हैं। हालांकि कुछ लोग ऐसी बातों पर विश्वास नहीं रखते लेकिन कुछ जरूरी चीजें हैं जो नए घर में प्रवेश करने से पहले कर लेनी चाहिए ताकि बाद में आपको किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। नए घर में आपका जीवन खुशियों से भर जाए,हर परेशानी आपके जीवन को अलविदा कह जाए तो गृह प्रवेश से पहले नीचे लिखे सभी उपाय जरूर करें। इससे आपके घर में सकारात्मक उर्जा का ही प्रसार होगा।

-वास्तु शांति के लिए विधिवत पूजन करवाएं।

-अच्छे से हवन और कीर्तन वगैरह से गृह प्रवेश करें, जिससे उन्नति एवं समृद्धि होगी। ध्यान से वास्तु जप जरूर करवा लें।

-देवी दुर्गा की अक्षत, लाल पुष्प, कुमकुम से पूजा करें। प्रसाद चढ़ाएं, धूप, दीप दिखाएं एवं जप करें। निश्चित ही घर में सुख, शांति एवं समृद्धि होगी।

-दुर्गासप्तशती का 9 दिन तक पाठ विधिवत घी का अखंड दीपक लगाकर, उपरांत 9 कन्याओं का भोजन (2-10 वर्ष की कन्या) करवाने से जीवन सुखद होता है।

-महामृत्युंजय मंत्र का जाप करवाने से भी लाभ प्राप्त होता है।

# अश्लील फिल्मों का बढ़ता व्यापार



महाराष्ट्र पुलिस ने बच्चों की अश्लील फिल्मों का निर्माण करने और इंटरनेट पर उन्हें प्रसारित करने के सिलसिले में पिछले 18 महीनों में 105 लोगों को गिरफ्तार किया है और 213 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर के पुलिस अधीक्षक संजय शिन्त्रे ने बताया कि ये मामले पिछले 18 महीनों में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा साझा टिपलाइन रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किए गए। बाल पोर्नोग्राफी की ह्लटिपलाइन रिपोर्टें अमेरिका स्थित राष्ट्रीय गुमशुदा एवं शोषित बच्चों के केंद्र (एनसीएमईसी) द्वारा वेबसाइटों, सर्च इंजनों और सोशल मीडिया मंचों की निगरानी के बाद तैयार की जाती है।

यह बताया गया था कि एनसीएमईसी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की मदद से नियमित रूप से भारत के एनसीआरबी के साथ रिपोर्ट साझा करता है, जो इसे सभी राज्यों की साइबर पुलिस के साथ साझा करता है। रिपोर्टों में उन आईपी एड्रेस एवं स्थानों की जानकारी होती है जहां अश्लील सामग्रियों का उपयोग किया जाता है और इसके आधार पर फिर साइबर पुलिस आरोपियों का पता लगाती है। पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र साइबर ने राज्य में बाल पोर्नोग्राफी पर नकेल कसने के लिए 2019-20 में ह्यऑपरेशन ब्लैकफेसह्ल शुरू किया था। 11,122 टिपलाइन रिपोर्ट में से, सबसे अधिक 5,699 रिपोर्ट पुणे को भेजी गई, उसके बाद 4,496 मुंबई, 364 ठाणे, 302 नागपुर और 90 औरंगाबाद तथा अन्य को भेजी गई।

अधिकारी ने बताया कि इन रिपोर्टों के आधार पर महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नागपुर पुलिस ने 38 अपराध दर्ज किए हैं। ऑपरेशन ब्लैकफेस के तहत, महाराष्ट्र साइबर उन जिलों की पहचान कर रहा है, जहां से बाल पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री प्रसारित की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पिछले 18 महीनों में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत कम से कम 213 अपराध दर्ज किए गए हैं और 105 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कई गिरोह शामिल हैं।




मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

सिंह : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

कन्याः धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपनेकाम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से: ऐसे रंगीन हुई मुगल-ए आजम

**अजय कुमार शर्मा**

**विज्ञान** के जरिए आई नई-नई तकनीकों ने हमारे जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, यहां तक की सिनेमा भी इससे अछूता नहीं रहा। फिल्मों के डिजिटल होने से फिल्मों के रखरखाव पर आनेवाला महंगा खर्चा और उनके खराब हो जाने का खतरा लगभग बिल्कुल खत्म हो गया है। इतना ही नहीं बहुत सारी पुरानी फिल्मों को डिजिटल माध्यम में बदलकर कर उन्हें हमेशा के लिए बचाया जा चुका है। लंबे समय के लिए सुरक्षित हो चुकी इन फिल्मों को अब पूरी दुनिया में विभिन्न प्लेटफार्मों पर देखा जा सकता है। नई पीढ़ी को इन फिल्मों में दिलचस्पी जगाने के लिए ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों को अब रंगीन बनाना भी संभव हो चुका है। इसके चलते कई ऐतिहासिक फिल्में रंगीन होकर दर्शकों को नए रंगीन अनुभव दे चुकी हैं। तो इन रंगीन हो चुकी फिल्मों में आज बात क्लासिक फिल्म मुगल-ए-आजम की। अब यह क्लासिक फिल्म रंगीन होकर हमारे बीच उपलब्ध है।

1960 में रिलीज हुई यह फिल्म अपने समय में तो खूब लोकप्रिय हुई ही थी बल्कि बाद में इसके डायलॉग और गीतों वाले एलपी रिकॉर्ड भी घरों और होटलों में बजते रहते थे। वीडियो और सीडी आ जाने के बाद तो यह फिल्म नई पीढ़ी में भी लगातार लोकप्रिय रही। खैर, फिल्म के रंगीन बनने की कहानी भी बड़ी रोचक है। दरअसल जिस वक्त शापूरजी पलोनजी मिस्त्री जिन्हें सब प्यार से शापूरजी सेठ कहते थे ने मुगल-ए-आजम को फाइनेंस करने का फैसला किया था तब उनके बेटे पालोनजी इस फैसले से बिल्कुल भी खुश नहीं थे। वह के. आसिफ और अपने पिता के साथ रोज-रोज होने वाले लड़ाई-झगड़े से बड़ा परेशान रहते थे। उन्हें यह रोज-रोज की किचकिच पसंद नहीं थी। लेकिन शापूरजी, के.आसिफ और मुगल-ए-आजम के बीच एक ऐसा जज्बाती रिश्ता बन चुका था कि चाह कर भी यह तीनों एक-दूसरे को नहीं छोड़ पा रहे थे। के. आसिफ ने शीशमहल के सेट पर फिल्माए गाने, प्यार किया तो डरना क्या... को रंगीन शूट किया था। उसके अच्छे रिजल्ट आने पर उनकी इच्छा थी की पूरी फिल्म को रंगीन बनाया जाए। लेकिन उस वक्त यह फिल्म बनने में बहुत समय खर्च हो चुका था इसलिए कोई भी दोबारा इस नए पचड़े में पड़ने के लिए तैयार नहीं हुआ। लेकिन तब युवा पालोनजी को यह बात याद रही।

## पालोनजी से मुलाकात

एक बार दिलीप कुमार ने पालोनजी से एक मुलाकात के दौरान के.आसिफ की उस बाकी रही हसरत का ज़िक्र बढ़ी शिद्दत से किया तो उन्हें भी लगा कि एक बार कोशिश की जानी चाहिए। क्योंकि नई तकनीक आने के बाद अब यह काम महंगा तो था लेकिन असंभव नहीं था। मुश्किल यह थी कि यह तकनीक पश्चिम में तो बेहद सुलभ और सहज ही उपलब्ध थी लेकिन भारत में बहुत महंगी भी थी और कुछ ही लोग यह काम कर रहे थे। विदेश में काम कराने पर उन्हें हर पृष्ठभूमि में भारतीय रंगों को समझाने के लिए काफी विशेषज्ञों की जरूरत थी जो अपने आप में काफी खचीर्ला काम था। ऐसे में फिल्म को भारतीय रंगों में रंगने की चुनौती को काफी तलाश के बाद 2002 में पुणे की इंडियन अकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड एनीमेशन ने पूरा करने का बीड़ा उठाया। लेकिन काम शुरू करते ही सबसे बड़ी मुश्किल यह आई की फिल्म का ओरिजिनल निगेटिव तमाम रखरखाव के बावजूद काफी फीका पड़ चुका था। इस नेगेटिव को दोबारा चमकाने के लिए इसकी साफ-सफाई जरूरी थी। यह काम थोड़ा मुश्किल होता है और बहुत सावधानी से करना होता है। खैर यह काम चेन्नई की आइरिस इंटर एक्टिव ने किया। तभी पता चला की फिल्म की साउंड ही खराब हो चली है जो कि फिल्म का निहायत ही लोकप्रिय और जरूरी हिस्सा था। काम लगभग रुक गया। तभी शापूरजी की कंपनी में शामिल एक नौजवान दीपेश सालगिया को कंपनी के गोदाम में फिल्म के ओरिजिनल साउंडट्रेक वाले मैग्नेटिक टेप मिल गए। पुराने दौर के इन स्पूल टेप्स को आधुनिक आवाज में तब्दील करने के लिए हॉलीवुड के प्रसिद्ध चेंस स्टूडियो भेजा गया और एक बड़ी कामयाबी हाथ लग गई। फिर तो फिल्म के संगीत को नए दौर के हिसाब से डॉल्बी सिस्टम में रिकॉर्ड करवाया गया। यह काम भी नौशाद साहब की देखरेख में संभव हुआ जबकि वह काफी बूढ़े हो चुके थे। उनकी उम्र लगभग 84 बरस की थी। नौशाद के साथ प्रख्यात अरेंजर उत्तम सिंह के साथ नौशाद के बेटे राजू नौशाद ने भी उनकी सहायता की। दो साल तक लगातार काम चलता रहा। आखिरकार 12 नवंबर 2014 को मुंबई के इरोज सिनेमा में यह रंगीन फिल्म रिलीज की गई और इसका भव्य प्रीमियर हुआ। इस बार भी दिल खोल कर पैसा खर्च किया गया।

## चलते-चलते

1960 की तरह ही हाथी की पीठ पर मुगल-ए-आजम का रंगीन प्रिंट बैंड बाजे के जुलूस के साथ सिनेमाघर में लाया गया। उसी शान से भव्य प्रीमियर किया गया। इस बार के.आसिफ न थे तो अख़्तर आसिफ मौजूद थीं। शापूरजी सेठ की जगह उनका पोता मौजूद था। पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर न थे तो उनके बेटे रणधीर और ऋषि कपूर मौजूद थे। लेकिन सबसे यादगार मौका था कि फिल्म के शहजादे सलीम दिलीप कुमार, जो आसिफ के झगड़े के चलते उस प्रीमियर में उपस्थित नहीं थे, आज अपनी पत्नी सायरा बानो के साथ पूरे ठाठ- बाठ से मौजूद थे। इतना ही नहीं बाहर फिर वही नजारा था। सिनेमाघर के बाहर टिकट खरीदने वालों की लंबी लाइन लगी हुई थी। मुगल-ए-आजम का झंडा एक बार फिर बुलंद था।

# बदलते मौसम में डेंगू और मलेरिया से कैसे बचें?

एक छोटा सा मच्छर, डेंगू और मलेरिया का रूप धारण कर हमारे लिए जानलेवा बन सकता है। डेंगू एक ऐसी बीमारी हैं जो एडिस इजिप्टी मच्छरों के काटने से होती हैं। दिल्ली और एनसीआर में लगातार डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और अब पंजाब में इसके कई मामले सामने आ रहे हैं। कई लोगों को इसके चलते अपनी जान से हाथ धोने पड़े हैं। ऐसे में आपको डेंगू के कारणों और उससे बचाव के बारे में पता होना जरूरी हैं।-यह रोग तेज बुखार से शुरू होता है, जिससे तेज सिर दर्द और मांसपेशियों व जोडों में भयानक दर्द शुरू हो जाता है। इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं।

**-पूरे शरीर पर लाल चकते बन जाते हैं।**

-इसके अलावा पेट खराब होना, दर्द होना, कमजोरी, दस्त लगना, ब्लेडर की समस्या, निरंतर चक्कर आना, भूख ना लगना भी लक्षण हो सकते हैं।

-कई बार ऐसे लक्षण दिखाई भी नहीं देते, जिसके चलते इसे इंफ्लूएंजा का प्रकोप मान लिया जाता है या कोई अन्य विषाणु संक्रमण, यदि कोई व्यक्ति प्रभावित क्षेत्र से आया हो और इसे नवीन क्षेत्र मे ले गया हो तो बीमारी की पहचान ही नहीं हो पाती है।

-रोगी यह रोग केवल मच्छर या रक्त के द्वारा दूसरे को दे सकता है वह भी केवल तब जब वह रोग ग्रस्त हो।

-बच्चों मे डेंगू के लक्षण साधारण सर्दी, बुखार तथा उल्टी आना हो सकते है।




-रक्त स्त्राव की प्रवृति यानि टोर्नक्विट परीक्षण सकारात्मक आना, खुद ब खुद छिल जाना, नाक, कान से, टीका लगाने के स्थान से खून रिसना, खूनी दस्त लगना और खून की उल्टी आना।

जानिए, डेंगू से कैसे किया जा सकता है बचाव...

फिलहाल तो डेंगू से बचाव के लिए कोई टीका नहीं आया है इसलिए इससे बचाव के लिए आपका जागरूक होना जरूरी हैं।

-डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी है कि डेंगू के मच्छ रों के काटने से बचें और इन मच्छसरों के फैलने पर नियंत्रण रखा जाए। डेंगू के मच्छ रों को कंट्रोल करने के लिए उसके पनपने की जगहों को ही नष्ट कर देना चाहिए।

-एडीज एजिप्टी मच्छर ज्यादातर दिन में काटते हैं। ऐसे में पानी के कंटेनर खाली कर दें और जिन जगहों पर पानी के जमा होने की उम्मीद हैं, वहां कीटनाशकों का उपयोग करें। -टायर, बोतलें, कूलर, गुलदस्ते इनको अक्सर खाली करना चाहिए क्योंकि इन जगहों पर डेंगू के मच्छर अधिक होते हैं। साथ ही घर के अंदर और आस-पास भी पानी जमा ना होने दें। किसी भी बर्तन में लंबे समय तक पानी ना रखें।

-रोजाना मच्छरदानी लगाकर सोएं और पूरे कपड़े पहनकर रहें।

मच्छर ना काटें, इसके लिए क्रीम लगाकर रखें।

-घर में और घर के आस-पास साफ-सफाई रखें क्योंकि गंदगी में डेंगू के मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। कचरे के डिब्बे को हमेशा ढककर रखें।

-सोते समय चारों तरफ नेट लगाकर सोएं। यदि घर में या आस-पास मच्छर ज्यादा हैं तो दिन में भी मच्छरदानी लगाएं।

## कुछ प्राकृतिक उपाय...

-मच्छर घर में ना पनपे इसके लिए अपने घर की खिड़कियों पर तुलसी का पौधा भी रख सकते हैं। इससे मच्छर नहीं आएंगे।

-कमरों के खिड़की-दरवाजें बंद करके कपूर जला लें और 15 से 20 मिनट कमरों को बंद रखें। इससे आप मच्छरों को आसानी से दूर कर सकते हैं।

# अजमेरा ने सदर प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा, जनता से लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया और क्षेत्र की विकास के लिए तीसरा विकल्प चुनने की अपील की। हर्ष अजमेरा ने इस दौरान छड़ी छाप (क्रमांक संख्या 23) पर वोट देकर अपने समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में क्षेत्र के चार मुख्य मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समृद्ध हजारीबाग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी संभव है जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के बेहतर अवसर, और समृद्धि का मार्ग मिले। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में इन क्षेत्रों में जो सुधार अपेक्षित था, वह नहीं हो पाया है और क्षेत्र की जनता को नए नेतृत्व की आवश्यकता है जो उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले। इस अभियान के दौरान हर्ष अजमेरा ने भारत माता चौक, मासीपीढ़ी, मुकुंदगंज, बकसपूरा, हरहद, हुपाद, गणेशीटांड, पारतुम्बा, तुम्बा, निर्मल सिंह चौक, डेमोटांड (बस्ती मंदिर), भेलवारा, सलैया, बभनी, बोच्चो, बभनमय, मोरंगी (सुदामा घर के पास), मोरंगी देवार, हत्यारी, हत्यारी (मांझी टोला) जैसे कई स्थानों का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उनकी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। हर गांव में जनता ने उनका स्वागत किया और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। हर्ष अजमेरा ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। उन्होंने जनता से वादा किया कि अगर उन्हें जनादेश मिलता है, तो वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करेंगे।

**चुनाव मेरे लिए राजनीति नहीं, एक सेवा का संकल्प है : हर्ष अजमेरा**



हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग की जनता के बीच जाकर उनके समर्थन और आशीर्वाद को महसूस करना मेरे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। सदर प्रखंड के गांवों में जनता से मिलते हुए मुझे महसूस हुआ कि लोग अब बदलाव चाहते हैं। विकास की जो उम्मीदें लोगों ने वर्षों से संजोई हैं, वे अधूरी रह गई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समृद्धि जैसे मूलभूत मुद्दों पर काम करने की जरूरत है, और यही मेरे लिए प्राथमिकता है। मैं जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह चुनाव मेरे लिए केवल राजनीति नहीं है, बल्कि एक सेवा का संकल्प है। मेरा उद्देश्य है कि हजारीबाग को एक ऐसा भविष्य मिले जहां हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरतें पूरी हों, और हर युवा को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिले। इस चुनाव में मेरा प्रयास रहेगा कि हजारीबाग की जनता को एक तीसरा विकल्प मिले, जो पारंपरिक राजनीति से हटकर उनकी समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए वास्तविक और ठोस कदम उठाए। हम सब मिलकर एक नई शुरूआत करें। अजमेरा ने जनता से आग्रह किया कि 13 नवंबर को छड़ी छाप का बटन दबाकर समर्थन दें।

## स्पीड न्यूज

### अटल विचार मंच के रामगढ़ जिला के मीडिया प्रभारी बने अंशु गुप्ता



**कुजू।** कुजू निवासी अंशु गुप्ता को पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने अटल विचार मंच का रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी बनाया है। अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने अंशु गुप्ता को इनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी अंशु गुप्ता ने कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने मुझे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इसे ईमानदारी पूर्वक संगठन के प्रति काम करेंगे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार ज्ञापित किया है। वही अंशु गुप्ता को बधाई देने वालों में अटल विचार मंच के वरिष्ठ नेता प्रकाश मिश्रा, प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, रविन्द्र शर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार, जगतार सिंह, विपिन कुमार सिन्हा, सुमन सिंह, प्रियंवदा सहाय, देवेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार सिन्हा, दीपक नाथ सहाय, भोला सिंह, अनिल सिन्हा, आशुतोष सिंह, माधव सिंह, हरेंद्र सिंह, हिमांशु कुमार, आशीष सिंह, वेद प्रकाश छोटू, सत्यजीत वर्मा उर्फ सेतु आदि शामिल है।

### चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त पूजा आज



**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा रविवार को चित्रगुप्त नगर बिजुलिया स्थित चित्रगुप्त मंदिर में अराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की धूमधाम से पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर प्रातः 10 बजे से भगवान चित्रगुप्त की पूजा आरंभ होगी। 11:30 बजे लेखनी पूजा होगी। 12:30 बजे हवन होगी। वहीं, आरती व पुष्पांजलि 1 बजे और अपराहन 2 बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जबकि 4 नवंबर को 11 बजे चित्रगुप्त महापरिवार की बैठक होगी। 11:30 से 12:30 बजे के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पारितोषिक वितरण 1 बजे किया जाएगा। जबकि प्रीतिभोज 2 बजे से आरंभ होगा। संध्या आरती 5 बजे और कलश विसर्जन 5:30 बजे किया जाएगा। पूजा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूजा में चित्रगुप्त महापरिवार के सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी महापरिवार के रामगढ़ अध्यक्ष दीपक सिन्हा व महासचिव रोहित वर्मा ने संयुक्त रूप से दी ।

### दामोदर छठ घाट की हुई सफाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सयाल उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में शनिवार को सयाल दामोदर नदी छठ घाट की साफ-सफाई कार्य का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जेसीबी मशीन से घाटों व आनजाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही लोगों से छठ घाटो को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई। मौके पर सत्येंद्र यादन ने बताया कि छठ महापर्व को ले सीसीएल प्रबंधन द्वारा जेसीबी मशीन से साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य सयाल दामोदर नदी छठ घाट में कराया जा रहा है। ताकि छठव्रतियों सहित श्रद्धालु महिला-पुरूषों को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि श्रीश्री छठ पूजा समिति द्वारा पूजा के दौरान छठव्रतियो और श्रद्धालु के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। साफ-सफाई अभियान में बीरेंद्र पासवान, सत्येंद्र यादव, कृष्णा साव, अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, अर्जुन सिंह, राजीव सिन्हा, दीपू सिंह, चिंटू, दीपक मेहता, संजय शर्मा, पुटूस, संटू सिंह आदि जुटे हैं।

### श्रीदुर्गा मंदिर में चित्रगुप्त पूजा आज



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर रिवर साइड भुरकुंडा के प्रांगण में शनिवार को श्री चित्र गुप्त पूजा समिति की बैठक हुइ। इसका अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण प्रसाद तथा संचालन विकासकांत सिन्हा ने किया। बैठक में समिति के लोगों ने बताया कि श्री चित्रगुप्त पूजा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रिभर साईड भुरकुंडा स्थित श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजा होगी। 3 नवंबर रविवार को सुबह 10 बजे श्री चित्र गुप्त महाराज की पूजा प्रारंभ होगी। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराया जायेगा। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। पूजा की सफल बनाने में पूजा समिति के नरेंद्र कुमार सिन्हा, समीर वर्मा, उमेश सिन्हा, पंकज सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, सुमित अंबष्टा, कुंवर प्रसाद बक्शी, प्रशांत कुमार, नितेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, निरंजन सिन्हा, संजीव अंबष्टा, अनुप बक्शी सहित कायस्थ महासभा के तमाम लोग जुटे हैं।

### बड़कीपोना में भंडारा आयोजित



**रजरप्पा।** शनिवार को बड़कीपोना काली मंदिर परिसर में पूजा समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता राजीव जायसवाल द्वारा विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर महिलाओं और युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी थी। दोपहर से शुरू हुए भंडारा वितरण का दौर देर शाम तक जारी रहा। यह भंडारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। मौके पर मुखिया अरविंद कुमार सिंह, पंसस शम्भु कुमार सहित समाजसेवी जीतभन महतो, रामध्यानी राम दांगी, लालकिसून महतो, अमृत कुमार, मनोज पासवान, प्रदीप कुमार, समिति के अध्यक्ष रमेश दांगी, सचिव अजय कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, उप सचिव रामचंद्र महतो, उप कोषाध्यक्ष संतोष कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# बरही में परिवर्तन तय : मनोज यादव

**एनडीए को जिताकर डबल इंजन की सरकार बनायें : राजसिंह चौहान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** बरही गया रोड स्थित वीर कुंवर सिंह पथ में आजसू विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान की अध्यक्षता में एनडीए की चुनावी महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसका संचालन बीरेंद्र साव ने किया। इस चुनावी महापंचायत सभा में पूर्व विधायक और एनडीए प्रत्याशी मनोज कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता समेत स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया, जिन्होंने एनडीए के प्रत्याशी को समर्थन देने का दृढ़ संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी मनोज यादव को बुके देकर स्वागत किया।

एनडीए प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने जनता से भावुक अपील की और कहा, एनडीए के प्रत्याशी के रूप में वह बरही और आप सभी की सेवा के लिए संकल्पित हूं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि सृष्टि की कल्पना उनके बिना अधूरी है। महिलाओं से उन्होंने कहा कि उनका मतरूपी आशीर्वाद की उन्हें जरूरत है। उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव हारने के बाद भी वे क्षेत्र की सुरक्षा और लोगों के दुख-सुख में सहभागी बने रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि बरही में खुशहाली और विकास लाने के लिए आपका समर्थन चाहिए। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि 13 नवंबर को, क्रम संख्या 2 पर कमल के फूल का बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। इस सभा में आजसू विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान व केंद्रीय सचिव गुड्डू यादव ने वरिष्ठ नेताओं का परिचय देते हुए कहा कि वे सभी मनोज कुमार यादव के समर्थन में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में मनोज यादव एक प्रखर नेता है और उनकी जीत सुनिश्चित करने को लेकर हर सम्भव प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन निश्चित है। इस बार एनडीए की सरकार बन रही है, बस जीत अंतराल इतना लंबा हो कि भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव मंत्री बनकर क्षेत्र को गौरवान्वित करें। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि पार्टी ने बरही से मनोज यादव जैसे कद्दावर नेता को उम्मीदवार बनाया है। यहां की जनता उन्हें अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनाने का काम करें।

### लायंस क्लब ने 450 लोगों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 450 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया।

# झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय : संजीव बेदिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इंडिया गठबंधन की ओर से न्यू सरदार कॉलोनी और नीचे धौड़ा भुरकुंडा में शनिवार को चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संजय वर्मा और संचालन इकबाल हुसैन ने किया। चुनावी सभा में झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव और झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि बड़कागांव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अंबा प्रसाद है, जो आपकी बेटी-बहन है। अंबा प्रसाद हमेशा अपने क्षेत्र में जनकल्याण का काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में समर्थन मांगते हुए भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हेमंत सोरेन की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में जनता के लिए जो जनकल्याणकारी कार्य किये हैं वह ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनावें पूरे बड़कागांव विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। श्री बेदिया ने कहा कि झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इसके पूर्व नीचे धौड़ा और न्यू सरदार कॉलोनी में डोर-टू-डोर- जनसपंर्क अभियान चलाकर अंबा प्रसाद को चुनाव में विजयी बनाने का आह्वान किया गया। न्यू बैरक भुरकुंडा और जवाहर नगर पंचायत के हनुमानगढ़ी स्थित पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में भी चुनावी सभा का आयोजन कर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में क्षेत्रवासियों से समर्थन मांगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने किया जतरा मेले का शुभारंभ

**हजारीबाग/कटकमदाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शनिवार को कटकामदाग प्रखंड के कुशुन्भा पंचायत के जमुआरी में आदिवासी सोहराय जतरा मेला का शुभारंभ किया। मुन्ना सिंह ने मेले में आदिवासी समाज के लोगों से मुलाकात की और उनके साथ इस सांस्कृतिक पर्व का हिस्सा बने। सोहराय जतरा मेला झारखंड के आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। सोहराय पर्व फसल कटाई के बाद आयोजित होता है, जिसमें आदिवासी समाज अपने पशुओं और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करता है। यह मेला आदिवासी जीवनशैली, रीति-रिवाज और परंपराओं का सजीव उदाहरण है, जिसमें गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से समाज का मेलजोल बढ़ता है। मुन्ना सिंह ने कहा कि मुझे इस



पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए आयोजकों का हृदय से आभार। इस सांस्कृतिक पर्व में शामिल होकर हमारे आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं का अनुभव करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा सभी युवाओं से निवेदन है कि हमारे सांस्कृतिक त्योहारों को उत्साहपूर्वक मनाएं, क्योंकि आधुनिकता के इस दौर में यही पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं। जय जोहार। मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि वे सोहराय जतरा जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखें।

# रामगढ़ में एनडीए और महागठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला

- **विधानसभा क्षेत्र में 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 3 लाख 56 हजार मतदाता**
- **आजाद समाज पार्टी और किसान बेरोजार संघर्ष मोर्चा प्रत्याशी भी ठोक रहे ताल**



सुनीता चौधरी



ममता देवी



मधु गुप्ता



पंकज महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए प्रत्याशी विधायक सुनीता चौधरी एवं महागठबंधन प्रत्याशी पूर्व विधायक ममता देवी के बीच है। दोनो गठबंधन द्वारा अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को अपने अपने पक्ष में गोलबंद करने का प्रयास जारी है। इस दौरान दोनो गठबंधन अपने अपने प्रत्याशियों के नीतियों की जानकारी मतदाताओं को दे रहे हैं। विधानसभा चुनाव के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। जिनमें से एक प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया। जिसके बाद चुनाव मैदान में 17 प्रत्याशी बचे हैं। जिनके भाग्य का फैसला रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 56 हजार मतदाता करेंगे।

एक तरफ जहां चुनावी विशेषज्ञ कह रहे हैं की इसबार के विधानसभा चुनाव में रामगढ़ में मुकाबला एनडीए और महागठबंधन प्रत्याशियों के बीच हैं। वहीं, जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर महतो के नामांकन के दौरान उनके समर्थकों की उमड़ी भीड़ ने चुनावी विशेषज्ञों को यह कहने पर विवश कर दिया है कि जेएलकेएम भी रामगढ़ विधानसभा चुनाव में मजबूत उपस्थिति दर्ज कर सकता है और उसके प्रत्याशी को भी लोगों का समर्थन प्राप्त है। इधर, कुछ विशेषज्ञ कह रहे हैं की आजाद समाज पार्टी की प्रत्याशी मधु गुप्ता के चुनाव मैदान में आने के बाद शहरी वोट काफी संख्या में उन्हें जा सकता है। यदि शहरी वोट उन्हें जाता है तो इसका नुकसान किसे हो सकता है इसपर चुनावी विशेषज्ञ विश्लेषण करने में लगे हैं। वहीं, किसान बेरोजगार मोर्चा के प्रत्याशी पंकज महतो के चुनावी मैदान में उतरने से चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। क्योंकि पंकज महतो लगातार जन सेवा से जुड़े रहे हैं इसलिए उन्हें भी मतदाताओं का अच्छा समर्थन प्राप्त है। इसलिए इसबार का रामगढ़ विधानसभाा चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है और मुकाबला करीबी होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इन पांच दिग्गजों के अलावे इसबार के रामगढ़ विधानसभा चुनाव में गौतम कुमार पांडा, धर्मेंद्र प्रसाद, चतुर्भुज कश्यप, ललिता देवी, लाल किशुन प्रसाद, फारूक अंसारी, बीनू कुमार महतो, नितेश कुमार सिंह, कुंदन कुलहेरी, सुशील कुमार, अरिजीत पटेल, झलु करमाली भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## एक नजर में

### हजारीबाग सदर से निर्दलीय लड़ रहा पूर्व फौजी



**हजारीबाग।** अरविंद ओझा पूर्व फौजी है जो हजारीबाग सदर विधान सभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में सीना तान के खड़े है। ये मूलतः टंडवा के रहने वाले है। 2002में इन्होने आर्मी ज्वाइन की थी और 2019 में रिटायर हुए। रिटायर होने के बाद ये भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े. भ्रस्टाचार, अपराध, पर्यावरण संरक्षण आदि मुद्दों पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मुखरता से बोलने और लिखने के कारण इनकी पहचान बढ़ती चली गयी. हरियाणा चुनाव में एक भूतपूर्व फौजी की जीत के बाद इनके एसोसिएशन के सदस्यों ने राजनीती में इनकी दिलचस्पी और मुद्दों को बेबाक तरीके से रखने और उसके हल करने के तरीको से प्रभावित होकर इनसे चुनाव लड़ने की गुजारिश की जिसे इन्होने शुरू शुरू में खारिज कर दिया। अरविन्द बताते है कि चुनाव में खर्च आता है और उनका परिवार पेंशन पर निर्भर था। इसलिए इन्होने चुनाव लड़ने से मन कर दिया था. परन्तु जब इनके मित्रो और सहयोगियों ने इन्हें हर तरह से समर्थन देने की बात की तो फिर ये तैयार हो गए। अरविन्द का कहना है कि परिवर्तन अगर समाज में लाना है तो खुद से ही शुरूवात करनी होगी. हार और जीत तो बाद की बात है। आपको अगर सरकार या विपक्ष की नीति सिद्धांत पसंद नहीं है तो सड़क पर उतरना होगा। चुनाव किसी भी बदलाव का सशक्त माध्यम है। सोशल मीडिया पर बैठ के बोलना आसान है। हां मैं ये मानता हूँ की हार कोई चुनाव लडे ये जरूरी नहीं। परन्तु आपकी विचारधारा जिससे मिलती है वैसे उम्मीदवारों का चयन कर विधानसभा में भेजे ताकि परिवर्तन हो सके. इतना तो किया ही जा सकता है। इनके साथ इनके मित्र और सहयोगी चुनाव प्रचार में जुटे है और लोगो को इनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है।

### बरही में कल्पना सोरेन की जनसभा कल

**बरही।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन सोमवार को बरही विधानसभा इंडिया महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बरही प्रखंड मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगी। जिसे लेकर कांग्रेसी कार्यकताओं ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पार्टी के कार्यकताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन बरही ब्लॉक मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर साढ़े बारह बजे पहुंचेगी। इसे लेकर पार्टी स्तर से लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने बरही विधानसभा की जनता से भारी संख्या में शामिल होकर उनकी बातों को सुनने का अपील किया है। मौके पर चुनाव प्रभारी शंकर साहू, कांग्रेस नेता मेघनाथ साहू, तापेश्वर प्रसाद, विनय साहू, मुकेश गुप्ता, बबलू साहू, सन्नी गुप्ता, विकास सोनी, सोनू मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दारू प्रखंड में भाजपा का कार्यालय खुला

**दारू।** विधानसभा चुनाव की तैयारियो को लेकर दारू प्रखंड के झुमरा राधिका काम्प्लेक्स मे चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन सदर विधानसभा प्रभारी, रथू लाल गुप्ता भाजपा के जिला मंत्री अरविन्द कुमार पप्पू, प्रखंड प्रभारी डॉक्टर अमित सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा सुरेश प्रसाद और जिला मंत्री अरविन्द सिकरवार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस. दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, प्रदीप प्रसाद जिंदाबाद के जमकर नारे लगे। भाजपा कार्यकर्ता उद्घाटन के मौके पर काफी उत्साहित नजर आये और पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया।इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष बसंत नारायण, बलदेव बाबू, आशीष सोनी, विकाश कुमार सिन्हा,अपराजिता तिवारी, टेकलाल साव,संजय कुशवाहा, संदीप कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजन सिन्हा, राजेंद्र राम, अरुण सिंह, किशुन प्रसाद, संतोष कुमार, रौशन सिन्हा आदि मौजूद थे।

### खैरा के श्याम किशोर प्रसाद की गुजरात में मौत

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत अंतर्गत कर्मा गांव में एक हृदय विदारक घटना कही खुशी तो कही गम मामले प्रकाश में आया है। 31 अक्टूबर को कर्मा निवासी किशोर प्रसाद उम्र लगभग 36 वर्ष की मौत दीपावली पूजा करने के लिए गुजरात में ट्रक चार पहिया वाहन धोने क्रम में अचानक उन्हें किसी कारण वश जल पाइप से गर्दन पर चोट लगने के कारण उनका वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उन्हें जिन्हें प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में दुर्घटनाग्रस्त किशोर प्रसाद की मृत्यु होने की सूचना उनके पत्नी सुमित्रा देवी को बताया गया जिससे कि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक घर का अकेला कमाऊ व्यक्ति थे वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री समेत अपनी पत्नी को छोड़ गए। मृतक के पार्थिव शरीर को परिजनों के सहयोग से 2 अक्टूबर उनके पैतृक निवास लाया गया। बाद में क्षेत्रीय शमशान घाट कर्मा में पार्थिव शरीर को उनके बड़े बेटे निकेश कुमार द्वारा मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया।

### उप प्रमुख पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुए प्रमुख

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो निवासी टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल के बायोवृद्ध पिता स्व .महावीर प्रसाद वर्णवाल के द्वादश श्राद्धकर्म में टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल पहुंचे और मृतक प्राणी के तस्वीर पर पुष्प श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित कर परमपिता परमेश्वर से वंदना कर कहा कि ईश्वर इनकी आत्मा को शांति एवं सद्गति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दे। बाद में उन्होंने कहा कि स्व. महावीर वर्णवाल सामाजिक प्रवृति के व्यक्ति थे। जिनकी विचार धारा हमेशा लोगों को याद रहेगा। मौके पर परमेश्वर प्रसाद यादव,सुरेश प्रसाद,शंकर मंडल, कौलेश्वर मिश्र,प्रदीप प्रसाद वर्णवाल, चंदर महतो, बब्लू उर्फ अशोक वर्णवाल,विकास वर्णवाल,गुड्डू वर्णवाल,विजय प्रसाद वर्णवाल,संदीप पाण्डेय,राजेश ठाकुर, भरत पांडेय,महेश पांडेय,विनय पांडेय,पप्पू पांडेय,मनोज पांडेय,राम लखन पांडेय,शिवपूजन पांडेय,रोहित पांडेय,बिरेंद्र पांडेय,गंगाधर पंडा,ऋषि पांडा,समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

### दारु में भाजपा का गढ़ को भेदने में जुटे अन्य प्रत्याशी

**दारू ।** प्रखंड क्षेत्र भाजपा का हमेशा से ही मजबूत गढ़ रहा है। यहाँ भाजपा के कार्यकर्ता और मतदाता भाजपा के पक्ष मे इतनी मजबूती से किलेबंदी करते है कि उसको भेदने के लाख प्रयास के बाद भी विपक्षी प्रत्याशियों को निराशा ही हाँथ लगती है। लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का सभी चुनाव मे मतदाता छप्पर फाड़कर भाजपा के पक्ष मे मतदान करते है। लोकसभा 2024 के चुनाव मे प्रखंड मे कुल 35 बूथ थे जिसमें 33 बूथो पर भाजपा को बढ़त मिली थी जबकि दो मुस्लिम बहुल बूथ में कांग्रेस को बढ़त मिली थी। भाजपा को दारु प्रखंड से 10 हजार वोटो की बढ़त मिली थी। इस बार कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह, निर्दलीय हर्ष अजमेरा और जयराम महतो की पार्टी से उदय मेहता भाजपा के इस गढ़ मे घुसने का प्रयास कर रहे है। इस कार्य मे वो कितने सफल होते है इसकी जानकारी तो मतगणना के बाद ही पता चल पाएगी। सदर विधानसभा मे प्रखंड के कुल पांच पंचायत दारु, इरगा, हरली, रामदेव खैरिका और जिनगा पंचायत आते है। यहाँ भाजपा के प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस के मुन्ना सिंह, निर्दलीय हर्ष अजमेरा और जेबिकेएसएस के उदय मेहता जनसम्पर्क कर चुके है। भाजपा व कांग्रेस को जहाँ अपने परम्परागत वोटो पर भरोसा जाता रहे है। वहीं हर्ष अजमेरा के साथ युवाओं की भारी भीड़ नजर आ रही है जो दिन रात उनके पक्ष मे प्रचार प्रारंभ कर रहे है। मुन्ना सिंह के साथ राजपूत वोटरों का रुझान दिख रहा है जबकि लोकसभा चुनाव मे इस विरादरी ने भाजपा के पक्ष मे मतदान किया था। अब देखना यह है कि दारु प्रखंड मे भाजपा के गढ़ मे सेंधमारी हो पाती है या नही । चुनाव प्रचार मे भाजपा ने मुख्य मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित अन्य मोर्चा को जनसम्पर्क के लिए पूर्व की भांति चुनाव प्रचार में जुड़ गए है। वहीं अन्य पार्टी इस मामले मे भाजपा से थोड़े कमजोर नजर आ रहे है।

## स्पीड न्यूज

### पांच वर्षों में नेतृत्वविहीन हो गया पाटन छतरपुर विस क्षेत्र : राधाकृष्ण किशोर



**मेदिनीनगर।** राधाकृष्ण किशोर ने छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में विकास की बात तो दूर छतरपुर पाटन विस क्षेत्र नेतृत्वविहीन हो गया है। पदाधिकारियों पर विधायिका का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। आमजन को छोटे-मोटे न्याय पाने के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है। यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो व्याप्त अराजकता पर अंकुश लगायेंगे।

### महागठबंधन सरकार के पांच साल के कुशासन का होगा अंत : पुष्पा देवी



**पाटन पलामू।** भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने पाटन व पंडवा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि अब समय आ गया है हेमंत सरकार के पांच साल के कुशासन का अंत होगा और झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी। मौके पर उन्होंने कहा कि वे जनसमस्या को लेकर हमेशा संवेदनशील रही है।

### नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पदमा और तरहसी प्रखंड के नावाडीह एवं पांकी प्रखंड के पंचायत सगालिम समेत कई जगहों के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हो गये। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से नाराज कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा है। विधायक ने पार्टी का पट्टा और टोपी पहना कर उन्हें सम्मानित किया। पार्टी में शामिल होनेवालों में जितेंद्र मेहता, भराज सिंह, रणधीर कुमार, मुन्ना कुमार, जितेंद्र कुमार, रवि साव, वेदप्रकाश यादव, सिकेंदर भुइयां, अरविंद यादव, प्रमोद साव समेत सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

### श्रीमती नामधारी ने पति के पक्ष में मांगा वोट



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी की पत्नी निर्मल रसना नामधारी चुनावी जंग में आकर कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने निगम क्षेत्र के बेलवाटिका, नावाटोली, नई मोहल्ला में अपने पति के पक्ष में लोगों से वोट मांगा। उन्होंने अपील की है कि क्षेत्र के विकास के लिए सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप जी को विजयी बनायें। एक बार सेवा का मौका दें।

### मौका दें, होगा सर्वांगीण विकास : चंचला



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम कांके कला में कलश यात्रा निकाली गयी। जिसकी मुख्य अतिथि बसपा प्रत्याशी चंचला देवी थीं। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का महापर्व चल रहा है। कई बहुरूपिये आयेंगे और बहलाने की कोशिश करेंगे। मगर आपको सोच समझकर मतदान करना है। क्योंकि ये आपका भविष्य तय करता है। कहा कि यदि जनता ने मौका दिया, तो छतरपुर पाटन विस क्षेत्र का विकास कर दिखाउंगी। मौके पर लक्ष्मण सिंह, विजय सिंह, छोटू सिंह, इंद्रदेव सिंह, राहुल सिंह, विक्रम राम शामिल थे।

### क्षेत्र का विकास हुआ धीमा : त्रिपाठी



**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के खामडीह का दौरा कर अपना चुनाव चिह्न पंजा छाप पर बटन दबाने की अपील की। कहा कि पिछले 10 सालों में क्षेत्र का विकास कार्य धीमा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता में वर्तमान विधायक के प्रति आक्रोश है। जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, मेरी जीत सुनिश्चित है। पिछले 10 सालों से क्षेत्र के लोगों की सेवा की है। उन्होंने पंजा छाप पर बटन दबाने की अपील करते हुए कहा कि अगर मेरी जीत हुई तो खेतों में हरियाली तथा किसानों के घरों में खुशहाली लायेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह, निर्मल सिंह, शिवनंदन सिंह, अखिलेश चंद्रवंशी, विवेका त्रिपाठी आदि भी मौजूद थे।

### किशोर ने कई गांवों का किया सघन दौरा



**मेदिनीनगर।** छतरपुर के कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर पाटन प्रखंड के सधपुर, मेराल, सिक्की कला, सिक्की खुर्द, भोगा, गहरपथरा, हिसरा बरवाडीह, नानी झरिया, फुसना पथरा, भुडवा, केवालपर, शोले, सुठा सहदेवा आदि गांव का सघन दौरा किया। मौके पर श्री किशोर ने अपने पक्ष में मतदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने किया चैनपुर प्रखंड के गांवों का दौरा



**चैनपुर पलामू।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के दो दर्जन से अधिक पंचायत के विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क किया, जिसमें जोश जुनून और उत्साह से स्थानीय लोग लबरेज थे। उन्होंने चैनपुर प्रखंड के सूदूरवर्ती पंचायत बोड़ी के मतौली, घासी टोला, चेरो टोला मंदिर टोला, करसों पंचायत के लेमोईया, आदिवासी टोला, कोईरी टोला, पश्चिमी टोला पुराना टोला, यादव टोला, भुईयां टोला, हरिजन टोला, मंदिर पर, बाजार, पुरबदेवरा, केलहार, पचलेवा सलतुआ पंचायत के थम्हवा, सगरदिनवा का दौरा कर वोट मांगा।

---

नीलांबर पीतांबरपुर में भाजपा की चुनावी सभा में पार्टी प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प, हिमंता बिश्वा सरमा बोले

# भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए सनातन को मजबूत करना जरूरी

## पांकी में कमल खिलाकर भाजपा सरकार बनायें, आपके विधायक का कद बढ़नेवाला है : हिमंता

खबर मन्त्र संवाददाता





मंच पर उपस्थित असम के मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व अन्य।

"भाजपा के शासनकाल में जो उग्रवादी, अपराधी समाप्त हो गये थे, हेमंत के कार्यकाल में सिर उठाकर बोलने लगे हैं। पांकी विस सहित पूरे राज्य में अमन, चैन का वातावरण बनाने के लिए अपना कीमती वोट भाजपा को दें। भाजपा का चुनाव चिह्न कमल शांति-प्रगति का प्रतीक है। - **रविंद्र राय, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा।**

"झारखंड में बदलाव लाने और पांकी विस क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करने के लिए पांकी की जनता व मतदाता ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए संकल्प ले चुकी है। पांच साल के दौरान उन्होंने पांकी विस क्षेत्र में अमन चैन के वातावरण में जो विकास की लंबी लकीर खींची है, वह ऐतिहासिक है। **- डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा प्रत्याशी।**

**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर केंद्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविंद्र तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रियतम, अशोक शर्मा, रामदास साहु, महिला मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, सुनील पासवान, लाला प्रसाद यादव, मंजुलता दुबे, अजीत गुप्ता, शंकर गुप्ता, चतुर्गुण राम, प्रो बच्चन ठाकुर, संजय वर्मा, पप्पु मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के अटल स्मृति भवन के पास भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के पक्ष में चुनावी सभा की गयी। जिसके मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिश्वा सरमा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी व महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। श्री सरमा ने कहा कि इस बार का चुनाव साधारण नहीं है। यह हिंदुओं के अस्मिता की लड़ाई है। भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए सनातन धर्म को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सभी सनातनियों को एकजुट होकर देश की विपक्षी पार्टियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करना होगा। तभी सनातन धर्म की रक्षा हो सकती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वोट बैंक बनाने के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि वह झारखंड से आदिवासियों का नामोनिशान मिटाकर इस्लामिक राज्य बनाना चाहते हैं। झारखंड में लगातार हिंदुओं की संख्या घट रही है। हाईकोर्ट ने भी माना है कि घुसपैठियों के कारण झारखंड में आदिवासियों की संख्या घट रही है। इसे लेकर वोट बैंक बनाने के कारण राज्य के सीएम कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। असम के सीएम ने कहा कि एक विशेष समुदाय का एकमुश्त वोट कांग्रेस, झामुमो व राजद को जाता है लेकिन अफसोस हिंदुओं का वोट बंट जाता है। आप पांकी में कमल खिलायें। यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी, तो आपके विधायक का कद बढ़नेवाला है।

---

# गुरुजी के दिये गये भार को जी जान से पूरा करने का करूंगी प्रयास : डॉ लुईस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को रामगढ़ बाजार में आयोजित हुई। समारोह में लुईस मरांडी के समक्ष करीब 350 कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर डॉ लुईस मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में दुमका विधानसभा से विधायक बनकर गई थी, तो दुमका वासियों की सेवा के लिए तत्पर रहती थी। विकास की गंगा दुमका में बहाया। गली-मोहल्ले में सड़कों का जाल बिछाया गया। वर्तमान में जब जामा विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करती हूं, तो पाती हूं कि 10 वर्षों से आज तक पक्की सड़कों का नामोनिशान नहीं है। आज दिसोम बाबा शिबू सोरेन ने जामा विधानसभा में विकास का भार संभालने को भार दिया गया है। लुईस मरांडी ने गुरुजी शिबू सोरेन के दिए गए भार को जी जान से प्रयत्न कर जामा विधानसभा के लोगों के लिए विकास की गंगा बहाने का प्रयत्न करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने झामुमो के पक्ष में मतदान निर्भय होकर करने का अपील की। झामुमों पार्टी की जीतने किए वादों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उन्हें पहचान दिलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। यहां की किसी की बहन, दीदी, बुआ, चाची जो भी रिश्ते से मुझे स्वीकार करेंगे। उनके रिश्तो को प्रेम से स्वीकार करूंगी। जीत के बाद जामा विधानसभा क्षेत्र युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने का भरोसा दिलायी।

# हम जमीनी नेता हैं, जनता के सुख-दुख को अच्छी तरह जानते हैं : गामालियान हेम्ब्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** बरहेट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गामालियान हेमब्रम ने शुक्रवार को रांगा थाना अंतर्गत कल्याणपुर में प्रेस वार्ता कर बताया कि पिछले पेंतीस वर्षो से बरहेट विधानसभा में विधायाकी कर रहे है, क्षेत्र के लोग कीड़े मकोरे की जिंदगी से बदतर जिंदगी गुजरने के लिए मजबूर है। बरहेट क्षेत्र में मुख्यमंत्री दो हजार चौदह से दो हजार उन्नीस तक फिर दो हजार चौबीस तक बरहेट के विधायक रहे एवं यहां के जनता मुलभुत सुबिधाये से बंचित रहा है। यहां के जनता से मुख्यमंत्री छल करते आ रहे है। इसलिए इस बार मैं सभी जमीनी मुद्दों को लेकर के 35 साल के कार्यकाल में जो झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जो बरहेट विधानसभा के लोगों के साथ छल किया है दलित शोषित वर्ग के लोगों को न्याय से वंचित रखा है उसकी आवाज बनने के लिए आज मैं जनता के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में आया हूं और इस बार जनता भाजपा के पक्ष में है। मैं मुख्यमंत्री के विपक्षी होने के बावजूद भी सामान्य रूप से चुनाव लड़ रहा हूं और लड़ूंगा। मुझे किसी प्रकार का भय नहीं है मैं बरहेट विधानसभा के उसे क्षेत्र से आता हूं जो मुख्यमंत्री का क्षेत्र है। वास्तविक तौर पर सबसे बड़ी शिक्षा होती है और यहां के बच्चे स्कूल तो जाते हैं मगर किसी आठवीं क्लास के बच्चे से परिचय पूछ लिया जाए तो वह सही से नहीं दे पाता। यह जो शिक्षा व्यवस्था में इतना गिराव है इसके पीछे के जिम्मेदार माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है। आज भी प्रसव पीड़ा से परेशान माता बहने को 6 किलोमीटर खटिया में लेकर जया जाता है। चुनाव आयोग को शिकायत करने के सम्बन्ध में बताया की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने चुनाव आयोग को 2019 के नामांकरण पत्र के शपथ पत्र पर अपना उम्र 42 वर्ष बतलाया है और 2024 में 49 वर्ष बतलाया है 5 वर्ष के कार्यकाल में किसी भी व्यक्ति का 7 साल उम्र हो सकता है क्या?।

# भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने बड़गड़ प्रखंड में किया तूफानी दौरा

- हम आपके सर्वांगीण विकास के लिए हैं संकल्पित : आलोक चौरसिया
- ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत समाधान का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विस क्षेत्र में चुनावों की तैयारियों के बीच भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने बड़गड़ प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क किया। अपने चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद कर उन्हें समर्थन देने की अपील की। उन्होंने 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में कमल फूल चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील कर लोगों से आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने गांव के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले कार्यकाल में जो विकास कार्य किये हैं, उसका लाभ आपको देखने को मिला है। हम आपके विकास के लिए और अधिक प्रतिबद्ध हैं। जनसंपर्क के दौरान श्री चौरसिया ने ग्रामीणों को बताया कि भाजपा की सरकार ने हमेशा से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है।

# विस क्षेत्र के विकास को जनता दे रही समर्थन : दिलीप सिंह नामधारी

- निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने चैनपुर प्रखंड में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड के ग्राम सेमरटांड, नंफूलिया, चट्टीपार, शाहपुर, हरिनामाड़, बारूनवा टोला, ओरनार प्रजापति टोला, जोगियाहा में निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर दिलीप ने कहा कि लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और जनता इस बार अपने क्षेत्र के विकास के लिए और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए अपना समर्थन मुझे दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप मुझे विधायक बनाते हैं तो आपके गांव की सड़क की जो हालत है सबसे पहले मैं उसे दूर करूंगा और उसे मुख्य सड़क से जोड़ूंगा। दिलीप ने ग्रामीणों से कहा कि आप मेरा साथ दीजिए और 13 नवम्बर को चुनाव चिंह सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर अपने सेवक को भारी मतों से विजयी बनायें।

# हेमंत सरकार ने युवाओं व आदिवासियों को ठगने का काम किया : सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट।** पेटरवार स्थित गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के आवासीय कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो एवं भाजपा झारखंड प्रमंडलीय चुनाव सह पथ निर्माण मंत्री बिहार सरकार नितिन नवीन, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, जिप उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, लक्ष्मण कुमार नायक मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक के दौरान सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू एवं भाजपा का गठबंधन नेचुरल एलाइंस है। जो लक्ष्य 2019 पूरा नहीं किया जा सका। उसे 2024 में पूरा करना है। यह महत्वपूर्ण है कि जनता के साथ नेता का संबंध कैसा है। झामुमो के तूष्टिकरण नीति के कारण झारखंड आज पीछे है। हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं एवं आदिवासियों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा की 2024 के चुनाव में झामुमो सरकार को उखाड़ कर फेंक देने को लेकर कमर कस ले। उन्होंने कहा कि 2019 में 13 हजार वोट से जीत हासिल हुई थी। 2024 में एक बड़ी मार्जिन से जीत हासिल करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए अबकी बार एक लाख पार करने कि बात कही। डॉ लंबोदर महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का आशीर्वाद का ही फल है कि लम्बोदर महतो दिन रात 24 घंटे विकास का कार्य गोमिया विधानसभा क्षेत्र में कर रहा है। गोमिया विधानसभा क्षेत्र के जो भी जन सरोकार के मुद्दे हैं उसको लगातार विधानसभा में उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में 5 साल बीते 50 वर्षों पर भारी है।

# भाजपा से सटोगे, तो आरक्षण से हटोगे : राजद

## निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार सिन्हा ने राजद प्रत्याशी का किया समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार सिन्हा उर्फ सुनील यादव ने राजद के प्रधान कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता में राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कटोगे तो बंटेंगे के जबाब में भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से सटोगे, तो आरक्षण से हटोगे। भाजपा आरक्षण विरोधी है और दलित-पिछड़ों से वोट लेकर आरक्षण ही समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में मंईयां सम्मान योजना के जरिये महिलाओं का सम्मान किया गया। इन महिलाओं ने राज्य में फिर से हेमन्त सरकार बनाने को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में जबरदस्त उत्साह है। राजद के लोग लालटेन लेकर भाजपा और भाजपा के विकास को ढूंढ रहे हैं, मगर मिल नही रहा है। उन्होंने बांग्लादेश घुसपैठ के मसले पर कहा कि देश के बॉर्डर से बांग्लादेश से लोग आ रहें है, तो गृह मंत्री क्या कर रहें है। बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहें और केंद्र सरकार सोई हुई है। दरअसल, भाजपा हिंदुस्तान-पाकिस्तान, हिन्दू-मुसलमान का नाम लेकर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है, लेकिन झारखण्ड की जनता सब समझती है। वहीं उन्होंने कहा इसबार के चुनाव में झारखण्ड की जनता माकूल जबाब देगी। राज्य में हेमन्त सरकार वापस आएगी और कोडरमा से सुभाष प्रसाद यादव भारी मतों से विजयी होंगे।

# पांकी और रांची की दूरी को एक समान बनाना है : विनोद सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों से अपने पक्ष में वोट की अपील करते विनोद सिन्हा।

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र का तेजी गति से विकास करना मेरा प्रथम लक्ष्य होगा। उक्त बातें निर्दलीय प्रत्याशी कुशवाहा विनोद कुमार सिन्हा ने शनिवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सतबरवा के चार पंचायत के कार्यकर्ताओं को रेवारातु में संबोधित करते हुए कही। इसी क्रम में मुखिया प्रतिनिधि संजय तूरी, राजेश मिश्रा, सोनू सिंह, मुकेश मिश्रा, दुलारी ठाकुर, मोहन तूरी, बाबूलाल सिंह, साजिद अंसारी, अशोक पाठक, ललित राम गोलू उरांव, अलाउद्दीन अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने अंगवस्त्र तथा चुनरी ओढ़ाकर श्री सिन्हा का स्वागत किया।

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव जीतने के बाद सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के अलावा मोहल्ला क्लिनीक का स्थापना गांव टोले में करना है ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा आसानी से मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि पांकी और रांची की दूरी को सामान बनाना है, यहां पर शिक्षा के लिए एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान खुलवाने का प्रयास होगा।

शिक्षा पद्धति को सुधार करके सभी लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने अपना चुनाव चिंह मशीन छाप में बटन दबाकर जिताने की अपील करते हुए कहा कि अच्छे किस्म का खाद बीज कम कीमत में किसानों को दिलवाया जायेगा ताकि किसान अच्छे पैदावार कर सुखी संपन्न हो सकें।

मौके पर सोहन साव, मोहम्मद मुमताज, भुनु उरांव, नूर मोहम्मद रामप्रीत उरांव, विकेश सिंह समेत रेवारातू, बोहिता, धावाडीह और धुटूआ पंचायत के कई लोग मौजूद थे।

# जनता का साथ मिला, सोन और कोयल नदी पर बनवाऊंगी तटबंध : अंजू सिंह

- साइकिल चुनाव चिह्न पर बटन दबायें, विश्रामपुर के विकास के लिए अंजू सिंह को विजयी बनायें
- सपा प्रत्याशी अंजू सिंह का तूफानी जनसंपर्क अभियान जारी, मिल रहा जनता का साथ

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों को वोट के लिए प्रेरित करतीं सपा प्रत्याशी अंजू सिंह।

**विश्रामपुर पलामू।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी अंजू सिंह ने 77-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों-टोलों एवं विश्रामपुर के शहरी क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। अंजू सिंह ने साइकिल छाप पर ईवीएम का बटन दबाकर अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुट होने और परिवर्तन लाने का है। पिछले 20 सालों से विकास के नाम पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जो लूट मची है। विकास कार्य ठप पड़ गया है। कोई भी काम नहीं हुआ है। इससे लोगों को कई तरह के परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। आमजनों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। समस्या समाधान कराने एवं 20 वर्षो से विकास कार्य के अवरोध से निजात पाने का यह चुनाव बड़ा अवसर है। आप सभी विश्रामपुर वासियों का अबतक जिस तरह से सहयोग व आशीर्वाद मिला है, यही सहयोग, आशीर्वाद आप सभी को मतदान दिवस 13 नवंबर 2024 को भी दिखाना है। आप सभी मतदाताओं का आशीर्वाद मिला तो विश्रामपुर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई योजनाएं लागू की जायेगी।

# फ्लाई ओवर के काम में अड़ंगा लगानेवाले को जनता देगी करारा जवाब : बन्ना गुप्ता

■ कहा, जमशेदपुर पश्चिम के मतदाता हमारे विकास कार्यों को देखकर वोट करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपने क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कई पदयात्राएं, नुक्कड़ सभाएं और चुनावी बैठकें की। बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैंने पूरी ईमानदारी से विकास का काम किया है। गली गली में पेवर्स ब्लॉक की सड़कें बनवायी।

सड़कों का चौड़ीकरण और कालीकरण करवाया। सोनारी दोमुहानी संगम के सौंदर्यीकरण का पहला चरण पूरा हो चुका है। इस क्रम में भव्य द्वार एवं सीढ़ी का निर्माण संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण में पार्क एवं वाकिंग स्ट्रीट का निर्माण होगा। तीसरे चरण में चौपाटी के रुप में वेंडर्स स्ट्रीट विकसित करने की परियोजना है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि कोई मानगो फ्लाइ ओवर का काम में अड़ंगा ना लगा दे। कोई सोनारी दोमुहानी संगम की आरती में विघ्न न डाल दे। कोई माताओं को मइंयां योजना से वंचित न कर दे।



जन संपर्क के दौरान महिला मतदाता का अभिवादन करते कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता।

## दलित और पिछड़ों की आवाज हैं बन्ना गुप्ता, उसे भारी मतों से जितायें : लालू यादव

**जमशेदपुर।** शनिवार को बन्ना गुप्ता सोनारी में यादव समाज द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजा में पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने गौ माता व गोवर्धन पूजन किया। उसके बाद यदुवंशी युवाओं द्वारा खेले जा रहे लाठी खेल में भी भाग लिया। वहीं से प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने देश के बड़े नेता लालू प्रसाद यादव को फोन किया। लालू जी ने स्पीकर पर यादव समाज के लोगों को गोवर्धन पूजा की बधाई दी। साथ ही लालू प्रसाद यादव ने अपने समाज के लोगों से अपील की कि भारी मतों से बन्ना गुप्ता को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता सदन में दलित और पिछड़े वर्ग की आवाज है इसलिए इनका चुना जाना पिछड़े व दलित वर्ग के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर बन्ना गुप्ता ने सोनारी में पदयात्रा की। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की। सोनारीवासियों ने बन्ना गुप्ता को भरपूर समर्थन और जीत का आशीर्वाद दिया।

# मानगो फ्लाई ओवर में है एस्टीमेट और डिजाइन घोटाला : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यहां के विधायक ने आतंक फैला रखा है। वह टुटपुंजिया टाइप के अपराधियों को इकट्ठा कर रहे हैं ताकि वोटरों को डराया जा सके। हम लोग इसका कड़ा प्रतिकार करेंगे।

सरयू राय ने कहा कि अस्पताल की नई बिल्डिंग तो बनवा दी, लेकिन इस बात की चिंता नहीं की गई कि प्रतिदिन तीन लाख लीटर पानी की व्यवस्था कैसे होगी। एक ही नदी पर दो-दो पुल बन रहे हैं। एक 40 करोड़ का है, तो दूसरा 471 करोड़ का. ऐसा कैसे संभव है कि एक ही स्वर्णरेखा नदी पर दो-दो पुल बनें और दोनों को बनाने में धन का अंतर जमीन और आसमान की तरह हो। उन्होंने आशंका जताई कि इसमें डिजाइन और एस्टीमेट घोटाला हुआ होगा।

**बहरागोड़ा में इतना बड़ा फार्म हाउस कैसे बना लिया मंत्री बन्ना गुप्ता ने : सरयू राय**



श्री राय ने आरोप लगाया कि पांच साल में बहरागोड़ा में इतना बड़ा फार्म हाउस कैसे खोल दिया स्थानीय विधायक ने, कोई कहता है कि यह 80 एकड़ में फैला है तो कोई कहता है कि 100 एकड़ में तो कोई 150 एकड़ की बात करता है। मैं जानना चाहता हूं कि इतना पैसा मंत्री के पास आया कहां से? इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, चुनाव संचालन समिति के कार्यकारी संयोजक नीरज सिंह समेत भाजपा और जदयू के कई अन्य नेता भी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज



### गम्हरिया क्षेत्र में पदयात्रा कर चंपई ने मांगा वोट

**गम्हरिया।** सरायकेला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शनिवार को गम्हरिया के कई बस्तियों और टायो कॉलोनी में पदयात्रा कर चुनाव अभियान की शुरूआत किया। इस दौरान कई जगहों पर उन्होंने सभा कर लोगों को संबोधित भी किया। इस दौरान झामुमो गठबंधन सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता रमेश हांसदा, रजनी तिवारी, दुर्गा तिवारी, रश्मि साहू, सुनिता मिश्रा, किशन प्रधान, राकेश सिंह चंदेल, चंदन शर्मा, लालटून झा, अमरेश ईश्वर आदि भी मौजूद थे।

### ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी मंच के लिट्टी पार्टी में शामिल हुए ललन सिंह

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी मंच के लिट्टी पार्टी सह दिवाली मिलन समारोह में केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन, मत्स्य और डेयरी मंत्री ललन सिंह और जद यू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा शामिल हुए। मानगो डिमना रोड के महेंद्र मैरेज हॉल में आयोजित समारोह में अतिथियों को भगवा गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरका जैन विवि के निदेशक डा अंगद तिवारी, अधिवक्ता सतीश सिंह समेत ब्रम्हर्षि परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सरयू राय का विकास का नजरिया स्पष्ट : मदन

**जमशेदपुर।** बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी ने शनिवार को सोनारी, मानगो और कदमा में प्रचार किया। उन्होंने सोनारी में कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी के एनडीए प्रत्याशी सरयू राय जी को इसलिए जिताना है, क्योंकि एकमात्र वही ऐसे नेता हैं जो विकास को लेकर स्पष्ट नजरिया रखते हैं।

# झारखंड में एनडीए को बड़ा जनादेश मिलना तय, सरकार में शामिल होगा जदयू : ललन

■ भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड में पूर्ण तालमेल : संजय झा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन, मत्स्य और डेयरी मंत्री ललन सिंह और जद यू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने शनिवार को संयुक्त रुप से कहा कि झारखंड में एनडीए के पक्ष में अंडर करंट लहर है। विधानसभा चुनाव में हरियाणा की तर्ज पर झारखंड में एनडीए को बहुमत देने का फैसला जनता ने तय कर लिया है। जद यू झारखंड में तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिम सीट पर एनडीए घटक दल के रुप में चुनाव लड़ रहा है जहां से क्रमशः राजा पीटर और सरयू राय हमारे प्रत्याशी हैं। दोनों सीटों पर जद यू को जीत मिलेगी, और झारखंड में एनडीए की सरकार मिलने पर जद यू भी सरकार का हिस्सा होगा।

साकची स्थित एनडीए के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड में जब सरकार बनेगी, और जद यू उसका हिस्सा बनेगा तो विकास के नीतीश व मोदी मॉडल के आधार पर विकास की नीति बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड विधानसभा चुनाव में भी कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के बिना एनडीए चुनाव लड़ रहा है, और हम यहां भी सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिसकी जमीन खिसकती है, वही नकारात्मक प्रचार करता है। जो कांफिडेंट रहता है, वह सकारात्मक प्रचार करता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना जैसी महामारी में जमशेदपुर पश्चिमी का विधायक सरकार से मुआवजे की मांग करता है। इससे पता चलता है कि उनकी मानसिकता क्या है, सोच क्या है और दृष्टि कैसी है।



संवाददाता सम्मेलन में बोलते केंद्रीय मंत्री ललन सिंह। साथ में संजय झा, एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

**...और क्या बोले जदयू नेता :** ललन सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल, ये तीनों एक ही गठबंधन के हैं और तीनों के साथ खास बात यह रही कि तीनों मुख्यमंत्री रहते जेल गये। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन में कैसे नेता हैं और वर्तमान झारखंड सरकार कैसे घोटालों की सरकार बन बैठी है। ललन सिंह ने कहा कि हम लोग भी चुनाव लड़ रहे हैं। हम लोग देख रहे हैं कि अब कैसे जनता चुप रहती है। वह आपसे कुछ बोलती नहीं, चुपचाप बूथ पर जाती है और वोट मार कर आ जाती है। वोटर बेहद स्मार्ट है।

## डॉ अजय ने गोलमुरी, भुइयांडीह तार कंपनी में चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

■ डॉ अजय ने सीटू तालाब छठ घाट में की ब्लीचिंग का छिड़काव

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के जमशेदपुर पूर्वी के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने शनिवार को गोलमुरी, बजरंग नगर, भुईंयाडीह एवं तारकंपनी क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया। क्षेत्र के लोगों ने डॉ अजय को अपना समर्थन देने का वादा किया। मौके पर अजय कुमार ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है। वह 25 वर्षों की शासन से परेशान है। जमशेदपुर को विकसित बनाना मेरी प्रतिबद्धता है। लोगों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास करुंगा। जमशेदपुर को अपराध मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि इंडिया गठबंधन सरकार लगातार गरीब एवं आम लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया है जिसमें मईंया सम्मान योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। वहीं सर्वजन पेंशन का लाभ भी सभी वर्ग के लोगों के मिल रहा है।



## धालभूमगढ़ में आज शाह, चाईबासा में कल मोदी की सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

■ 5 नवंबर को राजनाथ सिंह आयेंगे लौहनगरी

■ आमबगान मैदान में होगी चुनावी जनसभा

■ प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने दी जानकारी

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में कोल्हान फतह करने के मिशन में जुट गई है। तीन दिनों में कोल्हान प्रमंडल में भाजपा ने तीन बड़ी जनसभा की तैयारी की है। शनिवार को भाजपा के साकची स्थित जमशेदपुर महानगर कार्यालय में इस बाबत प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि आगामी 3, 4 और 5 नवंबर को क्रमशः धालभूमगढ़, चाईबासा और जमशेदपुर में पार्टी की ओर से विशाल जनसभा की तैयारी की गई है। जहां 3 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ स्थित एयरपोर्ट मैदान में सुबह 11 बजे विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 नवंबर को चाईबासा स्थित टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी दोपहर 1 बजे हेलीकॉप्टर से टाटा कॉलेज मैदान पहुंचेंगे और पहुंचने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, 5 को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह साकची स्थित आमबगान मैदान में दोपहर 1 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।



संवाददाता सम्मेलन में बोलते प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले।

## श्रीलेदर्स साकची परिवार ने स्व आशीष डे की पुण्य तिथि मनायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची श्रीलेदर्स के स्व आशीष डे भाई की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थान सभी कर्मचारियों ने स्व आशीष डे भाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ज्ञात रहे कि स्व आशीष डे भाई स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाया एवं अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे के दूरगामी एवं निःस्वार्थ सोच को अपने जीवन में यथार्थ करते हुए कई परिवार के हाथों को काम एवं करोड़ों भारतवासियों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहें हैं। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे का सपना एवं संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों को श्रीलेदर्स के गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दाम पर उपलब्ध हो।



श्रद्धांजलि सभा में डोलन डे, उनके दोनों पुत्र व कर्मी।

## महिलाओं ने चुनाव लड़ने के लिए दी सहयोग राशि, भावुक हुए डॉ अजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिरसानगर में जनसंपर्क अभियान के दौरान शनिवार को मजदूरी करने वाली महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार को चुनाव में विजयी होने का आशीर्वाद के साथ चुनाव लड़ने के लिए सहयोग राशि प्रदान की। महिलाओं के प्रेम एवं समर्पण के समझ डॉ अजय नतमस्तक हो गए। उनकी आंखे भर आई गला रुंध गया। कुछ देर के लिए वातावरण में पूरी तरह सन्नाटा छा गया। मौके पर महिलाओं ने कहा कि इसबार डॉ अजय की जीत पक्की है। कोई ताकत डॉ अजय को पराजित नहीं कर सकता यह मातृशक्ति का आशीर्वाद है। डॉ अजय ने कहा कि मां बहनों से इतना प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं। इस प्यार स्नेह को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मैं आज इन माताओं -बहनों का ऋणी हो गया है। एक सवाल के जवाब में डा. अजय ने कहा कि महिलाओं ने जो सहयोग राशि दिया है वह मेरे लिए भगवान का आशीर्वाद है। उस राशि को मैं अपने भगवान के चरणों में समर्पित कर ईश्वर से जमशेदपुर की जनता की खुशहाली के लिए प्रार्थना करुंगा।

# मैं आपके बीच की हूं, ताउम्र आपके बीच रह कर सेवा करूंगी : पूर्णिमा साहू

**जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र**

■ डोर-टू-डोर के बाद भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने किया रोड शो, जगह-जगह स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने शनिवार से चुनाव प्रचार तेज कर दिया। उन्होंने कार्यकताओं और लोगों के भारी हुजूम के साथ टिनप्लेट, टेल्को, बारीडीह, बमार्माइंस, एग्रिको, साकची, भालूबासा, सीतारामडेरा, गोलमुरी, साकची में कंपनी की कालोनियों और मुख्य सड़कों पर खुली कार में रोड शो किया। रोड़ शो के दौरान जगह-जगह पर लोगों ने पूर्णिमा पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया। कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी ने काफिले को रोक कर लोगों का अभिवादन स्वीकर किया और उनके घरों में जाकर मुलाकात की। क्वार्टरों की बालकोनियों और छतों पर इंतजार कर रहे बच्चों-महिलाओं का भी हाथ हिला कर और हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। पूर्णिमा के काफिले में शामिल लोग भाजपा के पक्ष में नारे लगा रहे थे। जन समर्थन से अभिभूत पूर्णिमा साहू ने लोगों को आश्वस्त किया कि आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करुंगी। मेरा संपूर्ण जीवन आपकी सेवा के लिए समर्पित है। मैं आपके बीच की हूं और आजीवन आपके बीच हीं रहूंगी। रोड शो में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर मिश्रा, खेमलाल चौधरी, गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, पवन अग्रवाल, संजीव सिंह, भूपेन्दर सिंह, कमलेश सिंह, राकेश सिंह, बबलू सिंह, रमेश नाग, रुबी झा, कल्याणी शरण, प्रभा देवी, संजना साहू, मधु तांती, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह भी मौजूद थे।





रोड शो के दौरान पूर्णिमा का स्वागत करती महिला और जन संपर्क के दौरान एक बुर्जुग मतदाता से संवाद करती भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास।

## एक नजर में

### आज से पोस्टल बैलेट व होम वोटिंग का आगाज



**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने वीमेंस यूनिवर्सिटी, सिदगोड़ा परिसर स्थित पोस्टल बैलेट मतदान केंद्र का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन आयोग के मापदंड के अनुसार अलग-अलग श्रेणी एवं विधानसभा क्षेत्र के अनुसार निर्धारित मतदान कक्ष के अलावे अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । 03 नवंबर से पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। पहले चरण के विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता 03-11 नवंबर तक तथा दूसरे चरण के विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता 16-18 नवंबर तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### 25 सालों में समस्याएं दूर नहीं कर सके, अब दूर करने का कर रहे हैं ढोंग : शिव शंकर सिंह



**जमशेदपुर।** 25 सालों तक जिन्हें जनता ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का मौका दिया, वह अभी भी क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का जनता से वादा कर ढोंग कर रहे हैं। लेकिन जमशेदपुर पूर्वी की जनता उन्हां बखूबी पहचानती है और इस चुनाव में उन्हें एक बार फिर से मुंह की खानी पड़ेगी। यह कहना है जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर सिंह का, शनिवार को अपने समर्थकों और कार्यकताओं संग वह विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा कर चुनाव प्रचार किया और लोगों से अपने पक्ष में गैस चूल्हा छाप पर बटन दबाकर वोट करने की अपील की। कहा कि आज जब जनता पिछले 25 सालों में उनसे किए गए कामों का हिसाब चाहती है तो वह उन समस्याओं पर मौन साधकर उन्हें दूर करने का वादा कर रहे हैं। गोवर्धन पूजा पर जमशेदपुर पूर्वी के निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने देवनगर के नवजीवन आश्रम, छाया नगर, रामाधीन बागान, मानिफिट बाजार, सितारामडेरा, गोलमुरी के न्यू केबल टाऊन, सी टाइप, केबुल बस्ती के अलावा बिरसानगर जोन 7, बर्मा माइंस में ट्यूब गेट, बारीडीह, मोहरदा, कल्याणनगर भुइंयाडीह, टेल्को क्रॉस रोड 9अ, भालूबासा, बागुनहातु, सिदगोड़ा इलाके में पदयात्रा और जनसंपर्क किया।

### आज कल्पना और पप्पू यादव करेंगे रोड शो





**जमशेदपुर।** पूर्वी से कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डा. अजय कुमार के पक्ष में प्रचार के लिए जेएमएम पार्टी की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं बिहार के फायर ब्रांड नेता सह पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव रविवार को रोड शो करेंगे। कल्पना सोरेन एवं पप्पू यादव संडे मार्केट बिरसानगर से दोपहर 3 बजे रोड शो की शुरूआत करेंगे जो बारीडीह चौक पर आकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो जाएगा। इस दौरान कांग्रेस और जेएमएम के हजारों कार्यकर्ता रोड शो में शामिल होंगे।

### रघुवर ने की जनता के साथ वादाखिलाफी मजदूरों का नहीं दिया साथ : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर की जनता के साथ वादा खिलाफी की है। 25 वर्षों तक पूर्वी की जनता को मालिकाना हक दिलाने का वादा किया। लेकिन जनता ने जब अपने सर आंखों पर बिठा कर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया तो रघुवर दास अपने बयान से पलट गए और कहा कि मालिकाना हक दिलाना तो कभी मेरा मुद्दा था ही नहीं। यह मैं नहीं कह रहा हूं भाई यह तो आप लोगों ने ही अपने अखबारों में छापा था। इतना ही नहीं अतिक्रमण के नाम पर रघुवर ने लोगों को बेधर किया था। कैसे कोई जनप्रतिनिधि संवैधानिक पद पर पहुंच कर अहंकारी हो जाता है और जनता से किए अपने वादे को भूला देता है। इसका उदाहरण तो सामने है। यही भाजपा का चरित्र है. प्रधानमंत्री ने भी लोगों को 15 लाख रुपये खाते में भेजने का वादा देश की जनता से किया था लेकिन बाद में बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह ने प्रधानमंत्री के बयान को जुमला करार दिया यह तो आप सब जानते ही है। इसलिए मैंने कहा कि यही भाजपा का चरित्र है। रघुवर दास अपने को मजदूर कहते नहीं थकते थे लेकिन आप देख लिजिए की रघुवर दास ने 25 वर्षों में मजदूरों के लिए कुछ नहीं किया। कोई नई कंपनी तो नहीं खुलवाए हां उनके कार्यकाल में कई कंपनी बंद जरुर हो गई। केबुल कंपनी बंद हो गई उसको खुलवाने के लिए रघुवर दास ने कोई प्रयास ही नहीं किया। टाटा हिताची को खड़गपुर जाने से भी नहीं रोक पाए जबकि वो मुख्यमंत्री थे। टाटा हिताची को जमशेदपुर से खड़गपुर जाने से रोकने के लिए मैंने कई बार आंदोलन किया लेकिन रघुवर दास के तरफ से कोई पहल नहीं की गयी। मौके पर जेएमएम, राजद, आप, जेपीसीसी एवं सीपीएम और सीपीआई के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मुंबई टेस्ट रोमांचक मोड़ पर , पंत और गिल ने करायी वापसी

## न्यूजीलैंड ने हासिल की 143 रन की बढ़त, जडेजा ने चार और अश्विन ने तीन विकेट लिए, भारत 263 पर ऑलआउट

### भारत के लिए अश्विन और जडेजा बॉल से चमके



एजेंसी

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाये और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली। एजाज पटेल सात रन बनाकर नाबाद लौटे। शनिवार को कीवियों के लिए विल यंग ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 51 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कॉनवे ने 22, मिचेल ने 21 और फिलिप्स ने 26 रन बनाए। भारत के लिए जडेजा ने चार, अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आकाश दीप और सुंदर को एक-एक विकेट मिला। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली।

### पंत ने तूफानी फिफ्टी से रच डाला इतिहास

27 साल के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह भारत की तरफ से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक ठोकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 36 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की थी। इसी के साथ उन्होंने यशस्वी जायसवाल का खास रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ इससे पहले सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम था। उन्होंने 41 बॉल में अर्धशतक ठोका था। हालांकि अब यह कीर्तिमान पंत के नाम दर्ज हो गया है। ऋषभ ने 101 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में पहली पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए थे। आपको बता दें कि यह ऋषभ पंत के टेस्ट करियर की 13वीं फिफ्टी थी। इसके अलावा उनके नाम इस फॉर्मेट में 6 शतक भी हैं। हाल ही में बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पंत ने सेंचुरी ठोकी थी। ऋषभ पंत के नाम टेस्ट में 2629 रन हैं।



एजाज पटेल सात रन बनाकर नाबाद लौटे। शनिवार को कीवियों के लिए विल यंग ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 51 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कॉनवे ने 22, मिचेल ने 21 और फिलिप्स ने 26 रन बनाए। बाकी चार बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। भारत के लिए जडेजा ने चार, अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आकाश दीप और सुंदर को एक-एक विकेट मिला। बड़े हिट के चक्कर में पंत एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। उन्हें ईश सोढ़ी ने पवेलियन भेजा। वह 59 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। एक वक्त भारत का स्कोर चार विकेट पर 180 रन था और फिर 83 रन बनाने में टीम इंडिया ने आखिरी छह विकेट गंवा दिए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 14 रन, रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर आउट हुए।

शुभमन गिल ने 146 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली। सरफराज खान और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। वॉशिंगटन सुंदर ने आखिर में कुछ बड़े हिट्स लगाए और भारत को बढ़त दिलाई। वह 36 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए। वहीं, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।



## सुदर्शन ने ठोका शतक, पर हार के कगार पर भारत



**आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 139 रन बनाये :** भारतीय टीम पहली पारी में 107 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम ने 195 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाज हालांकि पहली पारी की तरह दूसरी पारी में आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सके। आस्ट्रेलिया ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 139 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कप्तान नाथन मैकस्वीनी और ब्यू वेबस्टर क्रमशः 47 और 19 रन पर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ए का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 85 रन था। इसके बाद इन दोनों बल्लेबाजों ने टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। भारतीय टीम ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 208 रन से आगे बढ़ाई लेकिन सुदर्शन और पडिक्कल अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए।

एजेंसी

**मकॉय, आस्ट्रेलिया।** साईं सुदर्शन अपना शतक पूरा करने में सफल रहे लेकिन भारत ए पहली पारी में बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को हार के करीब पहुंच गया। सुदर्शन (103) ने सुबह अपनी पारी 96 रन से आगे बढ़ाई और शतक पूरा किया। लेकिन देवदत्त पडिक्कल 88 रन पर आउट हो गए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 196 रन की साझेदारी की जिससे भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 312 रन बनाकर आस्ट्रेलिया के सामने 225 रन का लक्ष्य रखा। भारत के अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया। अन्य बल्लेबाजों में ईशान किशन ने 32 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया ए की तरफ से तेज गेंदबाज फर्गस ओ'नील ने 55 रन देकर चार और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने 77 रन देकर तीन विकेट लिए। चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ए को मैच जीतने के लिए सिर्फ 86 रन की जरूरत है। भारतीय टीम को अगर मैच जीतना है तो उन्हें लगातार विकेट लेनी होंगी।

## लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण में छह टीमें लेंगी हिस्सा

**नयी दिल्ली।** लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण में छह फ्रैंचाइजी टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। आयोजकों ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। हिस्सा लेने वाली टीमों में कोलंबो स्ट्राइकर्स, गैले मार्वल्स, जाफना टाइटन्स, कैंडी बोल्ट्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स और नेगोम्बो ब्रेव्स शामिल हैं। उद्घाटन लंका टी10 सुपर लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर, 2024 को कोलंबो में होगा। यह टूनामेंट 12 से 22 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। टीमों के नामकरण में प्रत्येक शहर की ताकत और विशिष्ट चरित्र को दशार्या गया है, क्रिकेट में इसके योगदान का जश्न मनाया गया है, इस प्रकार खेल को स्थानीय पहचान के साथ जोड़ा गया है।

## हांगकांग सिक्सेस में भारत का खराब प्रदर्शन लगातार 3 मैच हारकर टूनार्मेंट से हुआ बाहर

एजेंसी

**हांगकांग।** भारत को हांगकांग सुपर सिक्सेस में लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा और वह टूनार्मेंट से बाहर हो गया. भारतीय क्रिकेट टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, कमजोर यूएइ के खिलाफ मैच जीतने में विफल रही और फिर शनिवारको टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ भी हार गयी। भारत अपने अभियान के पहले मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हार गया और यूएइ के खिलाफ जीत के लिए जरूरी मुकाबले में लक्ष्य से 1 रन पीछे रह गया। फिर इंग्लैंड से 15 रन से हार गया। लगातार 3 मैचों में मिली हार के बाद भारत टूनार्मेंट से बाहर हो गया।

#### कमजोर यूएई से हारा भारत

यूएइ के खिलाफ मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाले भारत ने शानदार शुरूआत की और भरत चिपली ने पहली गेंद पर ही यूएई के कप्तान आसिफ खान के स्टंप उखाड़कर एक विकेट लिया। यूएई ने 6 ओवर में 130 रन का बनाया। स्टुअर्ट बिन्नी ने अपने दो ओवर में 31 रन देकर भारत के लिए 3 विकेट लिए। जवाब में भारत ने चिपली के साथ मनोज तिवारी को ओपनिंग के लिए भेजा, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक बनाया था। चिपली पहले ओवर की आखिरी गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हो गये। जबकि तिवारी 3 गेंदों पर केवल 10 रन ही बना पाये। इसके बाद कप्तान रॉबिन उथप्पा ने मध्यक्रम में मोर्चा संभाला और 10 गेंदों पर 3 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। उथप्पा के आउट होने के बाद बिन्नी ने पारी संभाली और केवल 11 गेंदों पर 44 रन की शानदार पारी खेली। 5वें ओवर की समाप्ति तक भारत का स्कोर 3 विकेट पर 99 रन था और उसे अंतिम ओवर में 32 रन और चाहिए थे।

#### स्टुअर्ट की मेहनत गई बेकार

पहली दो गेंदों पर एक चौका और एक वाइड मिलने के बाद लक्ष्य 5 गेंदों पर 27 रन रह गया। इसके बाद बिन्नी ने शानदार प्रदर्शन करते हुये आसिफ खान की गेंदों पर लगातार 4 छक्के लगाए और लक्ष्य को अंतिम गेंद पर 3 रन तक सीमित कर दिया। हालांकि, वे जीत हासिल करने में असफल रहे। बल्लेबाजों ने एक रन पूरा किया, और दूसरे रन तक पहुंचने और स्कोर बराबर करने के प्रयास में, बिन्नी रन आउट हो गये। जिससे भारत संयुक्त अरब अमीरात के 130 रन के स्कोर से एक रन पीछे रह गया।

## शुभमन गिल में तकनीकी खामियां नहीं दिखतीं- डूल

**नयी दिल्ली।** मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय टीम को शुभमन गिल का सहारा मिला। भारतीय टीम जब पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट गंवा चुकी थी, तो शुभमन ने अगले दिन की शुरूआत में पंत के साथ शानदार खेल दिखाया। उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करते हुए तगड़े शॉट लगाए और 90 रन बनाते हुए टीम को 263 रन तक पहुंचा दिया। शुभमन की बल्लेबाजी देखकर कमेंट्री कर रहे साइमन डूल बेहद खुश दिखे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शुभमन इस टीम की बल्लेबाजी का भविष्य हैं। शुभमन मुंबई टेस्ट में शतक से चूक गए लेकिन साल 2024 में उन्होंने 800 रन पूरे कर लिए। वहीं, दूसरी तरफ पृथ्वी शॉ फॉर्म और फिटनेस के मुद्दों के कारण मौजूदा रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम से बाहर हैं। इस पर डूल ने कहा कि शुभमन प्रतिभाशाली है। वह जानकारी लेने और उसे संसाधित करने में सक्षम है। मुझे लगता है कि वह सिर्फ रन बनाना चाहता है।

## शाकिब अल हसन को नसीब नहीं हो रहा रिटायरमेंट मैच, वनडे सीरीज से भी बाहर

एजेंसी

**ढाका।** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में शाकिब अल हसन और लिटन दास को जगह नहीं मिली है। नजमुल हुसैन शान्तो 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करते रहेंगे, जबकि मेहदी हसन मिराज उप कप्तान होंगे। दिलचस्प बात यह है कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के स्वेच्छा से श्रृंखला से हटने के बाद उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है। इसके अलावा सूची से एक और बड़ा नाम लिटन दास का नहीं है। लिटन बुखार से उबर रहे हैं। शाकिब जब



भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहे थे तो बांग्लादेश में उनके खिलाफ कत्ल मामले में अरेस्ट वारंट निकल गया था। इसके बाद शाकिब ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। लेकिन वह भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट में खेल नहीं पाए।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बीसीसीआइ को रिझाने की पीसीबी की नयी चाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और भारतीय फैंस को रिझाने के लिए अब एक नई चाल चली है। पीसीबी अध्यक्ष और संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अगले साल की शुरूआत में आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की उम्मीद कर रहे भारतीय फैंस के लिए क्विक वीजा जारी करने की नीति का वादा किया है। उन्होंने अमेरिकी सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह से मुलाकात के दौरान यह गारंटी दी। एक अखबार ने नकवी के हवाले से कहा, 'हम भारतीय फैंस के लिए टिकटों का एक विशेष कोटा रखेंगे और हम वीजा जारी



करने की नीति को तेज बनाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पीसीबी भारतीय फैंस को पाकिस्तान आते देखना चाहेगा और लाहौर में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच देखना चाहेगा। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होने वाली है और इसका फाइनल 9 मार्च को होगा। टूनार्मेंट के सभी मैच लाहौर, कराची और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। आइसीसी ने अभी भी टूनार्मेंट का शेड्यूल जारी नहीं किया है क्योंकि वे इस बात की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं कि क्या भारत सरकार अपनी टीम को इस आयोजन के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति देगी।

#### भारत सरकार लेगी पाकिस्तान जाने का फैसला

जानकारी के लिए यह भी बता दें कि, बीसीसीआइ ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान का दौरा करने के मामले में वह अपनी सरकार के किसी भी नीतिगत फैसले का पालन करेगा। 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से कोई भी भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई है। 2007 के बाद से दोनों देशों के बीच कोई टेस्ट सीरीज नहीं हुई है।

## वह आरसीबी की सफलता की कुंजी है : विराट कोहली पर बोले एंडी फ्लावर



**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन से पहले अपने टीम के करिश्माई भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को बरकरार रखने के बाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि 35 वर्षीय- पुराना भविष्य में फ्रैंचाइजी की सफलता की कुंजी होगी। बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने इस साल होने वाली आइपीएल 2025 मेगा नीलामी से पहले रजत पाटीदार और यश दयाल के साथ विराट कोहली को बरकरार रखा है। पूर्व क्रिकेटर ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे कोहली आरसीबी के उन कप्तानों में से एक हैं जिन्होंने सीजन के पहले भाग में खराब प्रदर्शन के बावजूद फ्रेंचाइजी को प्लेऑफ में पहुंचने में मदद की। उन्होंने कहा कि विराट का बरकरार रहना भारत में किसी के लिए आश्चर्य की बात नहीं होगी। वह भविष्य में आरसीबी की सफलता की कुंजी हैं और रहेंगे। वह पिछले साल सनसनीखेज थे। वह उन नेताओं में से एक थे जिन्होंने पहले भाग में खराब प्रदर्शन के बावजूद हमें प्लेऑफ में पहुंचाया। फ्लॉवर की टिप्पणी कई मीडिया रिपोर्टों के बीच आई है जिसमें दावा किया गया है कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर से आरसीबी के कप्तान के रूप में वापस आएंगे।

## ओडिशा एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के बीच जोरदार मुकाबले की उम्मीद

एजेंसी

**गुवाहाटी।** इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) 2024-25 में रविवार को खेले जाने वाले डबल हेडर की शुरूआत शाम 5:00 बजे से होगी, जब नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और ओडिशा एफसी यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में उतरेंगी। नॉर्थईस्ट और ओडिशा छह-छह मैचों में आठ-आठ अंक लेकर तालिका में क्रमशः पांचवें और सातवें स्थान पर हैं। हाईलैंडर्स ने जमशेदपुर एफसी को 5-0 से रौंदा था, जबकि जगरनॉट्स ने मुंबई सिटी एफसी को उसके घरेलू मैदान पर 1-1 के ड्रा रोका था। नॉर्थईस्ट की जमशेदपुर एफसी पर 5-0 की जीत लीग में उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत थी। अब, उनके पास लीग के एक ही सीजन में लगातार जीत दर्ज करने का मौका है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड इस साल अपने खेले मुकाबलों के शुरूआती 15 मिनट में चार गोल कर चुके हैं, जो लीग की सभी टीम में सबसे अधिक गोल है। वहीं, जगरनॉट्स उन तीन टीमों में से एक हैं, जिन्होंने इस समय अवधि में अभी तक कोई



गोल नहीं खाया है। ओडिशा एफसी अपने पिछले सात अवे मैचों में दो बार ड्रा खेली जबकि पांच मुकाबले हारी है। इस दौरान उसने केवल एक क्लीन शीट रखी है, और तीन मुकाबलों में तीन में कोई गोल नहीं किया। गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में अपने चार मैचों में सर्जियो लोबेरा को कोई जीत नहीं मिली है। उनकी टीमें दो मैच हारी और दो ड्रा खेली हैं और प्रत्येक मुकाबले में कम से कम दो गोल खाए हैं। रेड माइनर्स पर 5-0 की बड़ी जीत से नार्थईस्ट बहुत सी चीजों को लेकर खुश हैं। स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली टीम द्वारा उस मैच में एक भी गोल नहीं खाने से सबसे ज्यादा खुश हैं, जो टीम की रक्षात्मक सुदृढ़ता को दशार्ता है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने अच्छा खेला, हमने सभी मैचों में वही किया जो हमें करना चाहिए था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हमने गोल नहीं खाया और मुझे खिलाड़ियों पर गर्व है। ओडिशा एफसी के सहायक कोच एंथनी फर्नांडिस ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को एक कठिन प्रतिद्वंद्वी बताया और उसके हालिया प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने कहा, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड वास्तव में बढ़िया खेल रही है। 5-0 की जीत के बाद वो अच्छी लय है। मेरे अनुसार, योजनाएं उनकी पूरी टीम को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। बता दें कि दोनों टीमें आइएसएल में एक-दूसरे के खिलाफ 10 बार खेली हैं। ओडिशा एफसी ने छह और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने तीन मैच जीते हैं, जबकि एक मैच ड्रा रहा।

## कप्तान मसूद ने बाबर को बाहर करने का किया सपोर्ट

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद का मानना है कि टेस्ट टीम से बाबर आजम का 'ब्रेक' उनके आत्मविश्वास या करियर को नुकसान पहुंचाने के बजाय उन्हें फॉर्म में वापस लाने में मदद करेगा। पाकिस्तान के सबसे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक बाबर को लंबे समय तक रनों के सूखे के बाद इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट के लिए टीम से बाहर रखा गया था। बाबर की गैर-मौजूदगी के बावजूद पाकिस्तान ने 2-1 से सीरीज अपने नाम की। बीबीसी के स्टंप्ड रेडियो शो पर बोलते हुए, मसूद ने बाबर की क्षमताओं की प्रशंसा की उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक' कहा और साथ ही कहा कि कभी-कभी, लोगों को ब्रेक की आवश्यकता होती है। मसूद ने कहा, मुझे लगता है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि उसका कोई भविष्य नहीं है। उनमें टेस्ट क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक बनने के लिए हर गुण है। वह हमेशा रैंकिंग में शीर्ष पर या उसके आसपास रहते हैं। कभी-कभी, लोगों को ब्रेक की जरूरत होती है।

## पैराग्लाइडिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू

**बीड़-बिलिंग।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा की बेड बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का शनिवार को शुभारंभ हुआ। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली और मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल ने बिलिंग से हरी झंडी दिखाकर इस प्रतियोगिता का उदघाटन किया। इसके साथ ही आठ दिवसीय प्रतियोगिता की शुरूआत हो गयी जिसमें 26 देशों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# मदरसा दारुल हदीश में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी



एजेंसी

**पूर्णिया।** मदरसा दारुल हदीस पीरगंज हरदा एवं मदरसा नुरुल हुडा मंझेली रानीपत्रा, प्रखंड पूर्णिया पूर्व में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा छात्रों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के संचालित विभिन्न योजना यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री निश्चित स्वयं सहायता भत्ता एवं कुशल युवा कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दी गई। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए बिहार सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक तथा कॉलेज के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक डीआरसीसी द्वारा छात्रों को जानकारी दी गई कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना जैसा कि आप जानते हैं कि कई विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करते रहते हैं, लेकिन वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाते हैं। ऐसे सभी छात्र अपनी पढ़ाई सही ढंग से कर सकें इसी समस्या को देखते हुए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को ऋण सुलभ कराने के उद्देश्य से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को शुरू किया गया है। राज्य के ऐसे विद्यार्थी जो आर्थिक तंगी के कारण अपने आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, वे इस योजना के तहत लोन प्राप्त कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। यह योजना काफी मददगार है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई करने के लिए बिहार सरकार द्वारा चार लाख की राशि प्रदान करने का प्रावधान है। इसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें आपको बहुत कम ब्याज देना पड़ेगा इस योजना का लाभ उठाकर छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार तलाश कर रहे युवाओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 20 से 25 वर्ष तक के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। सहायता प्रदान की जाने वाली राशि का भुगतान पात्र लाभार्थियों के खाते में प्रति माह एक हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ केवल 2 वर्षों तक ही लाभार्थियों को सुलभ कराने का प्रावधान है।

# बिश्नोई गैंग के नाम पर पप्पू यादव को धमकी देने वाला दिल्ली में धराया

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को लॉरेन्स बिश्नोई गैंग की ओर से मिली जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पूर्णिया पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित महेश पाण्डेय को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले कुछ पूर्व सांसदों और विधायकों के यहां काम करता था। कुछ दिन पहले वह यूएई गया था,



जहां उसकी साली रहती है। वहां से एक सिम लेकर भारत आने के बाद उसने उस नंबर से व्हाट्सएप अकाउंट बनाया। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर सांसद पप्पू यादव की मीडिया में दी गई प्रतिक्रिया के बाद आरोपित ने गूगल से उनका नंबर निकाला और यूएई के व्हाट्सएप अकाउंट से धमकी भरा संदेश भेजा। पूर्णिया एसपी ने बताया कि आरोपित महेश पाण्डेय के बहुत लोगों से संबंध हैं, जिसमें राजनीतिक भी हैं और गैंग के लोगों भी हैं। इसने कई बड़े-बड़े जगहों पर काम किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से धमकी देने में प्रयुक्त यूएई का सिम, मोबाइल फोन और उसकी पत्नी का मोबाइल व सिम बरामद किया है। आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

## विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने छठ घाटों का लिया जायजा

**पूर्णिया।** बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने आज अपने विधानसभा में छठ पूजा को लेकर विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने प्रशासन को सुरक्षा मानकों का गंभीरता से अनुपालन करने को कहा। इस दौरान विधायक के साथ अनुमंडलाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# सीएम ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ घाटों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली जाय। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी के किनारे की सड़कों के



पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन के लिए बैरिकेडिंग करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए। छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाटों पर साफ-सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखें। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक आलोक राज सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# निर्वाची पदाधिकारी ने की उम्मीदवारों के साथ बैठक



बैठक करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ बैठक की। 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ हुई बैठक में उन्हें बताया गया कि तीन नवंबर से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया आरंभ हो रही है, साथ ही होम वोटिंग की प्रक्रिया भी आरंभ हो रही है। इसके लिए उन्हें पोस्टल बैलट वोटिंग, होम वोटिंग के लिए अपने पोलिंग एजेंट नियुक्त करने की बात कही। निवार्ची पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, वैसे सभी प्रत्याशी अपराधिक मामलों के संदर्भ में दिए गए प्रपत्र सी1 के अनुसार निर्धारित तिथियों पर तीन बार समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाते हुए रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय को भी प्रपत्र सी4 में सूचित करेंगे। प्रत्याशियों को अपने पोलिंग एजेंट नियुक्त करने के लिए प्रपत्र 10 में आवेदन देना होगा, इसलिए सभी प्रत्याशियों को उक्त प्रपत्र भी उपलब्ध कराए गए। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी क्या करें, क्या न करें को लेकर चुनाव आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन व एडवाइजरी से भी सभी को अवगत कराया। साथ ही सभी उम्मीदवारों से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए ही चुनाव प्रचार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रचार के दौरान अपने भाषण में किसी प्रतिद्वंद्वी, प्रत्याशी या अन्य व्यक्ति के विरुद्ध निजी प्रहार न करें, बल्कि दूसरों की गरिमा का पूरा सम्मान बनाए रखें। धार्मिक स्थलों का राजनीतिक प्रयोग आचार संहिता का खुला उल्लंघन माना जाएगा, इसलिए प्रत्याशी धार्मिक कार्यों, अनुष्ठानों में राजनीतिक भाषण बाजी, प्रचार सामग्री वितरण, मतदान अपील आदि से परहेज करें। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सफी आलम, चिनिया बीडीओ -सह- सहायक निवार्ची पदाधिकारी सुबोध कुमार के अलावा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार, उनके चुनाव एजेंट मौजूद थे।

## सिलिदाग के युवक की आंध्र प्रदेश में मौत

**रमना।** सिलिदाग पंचायत निवासी स्व. करीमन राम के नाती 24 वर्षीय विकलेश कुमार की मौत आंध्र प्रदेश के चितूर में हो गयी। जिसका शव दीपावली के दिन गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों के विलाप से दीपावली त्यौहार का खुशी मातम में बदल गया। जानकारी के अनुसार विकलेश कुमार पिता मनी राम गत माह पूर्व गांव के ठेकेदार के साथ मजदूरी करने आंध्र प्रदेश के चितूर जिला अंतर्गत कुप्पम में गया था। जहां करीब एक माह मजदूरी किया। लेकिन वह 27 अक्टूबर को कुप्पम से बंग्लौर अपने रिस्तेदार के पास मजदूरी करने के लिए निकल गया। जिसके अगले ही दिन विकलेश का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि शव लाने के लिए पैसे भी नहीं था। कर्नाटक से सिलिदाग का किराया 80 हजार रुपया लिया गया, जिसमे ठेकेदार ने 30 हजार, पूर्व मुखिया पति एवं ठेकेदार राजा सिंह, सोनू सिंह ने दस-दस हजार, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुखिया अनीता देवी ने पांच-पांच हजार रुपया दिया। इसके बावजूद भी पूरा पैसा नहीं हुआ तो ग्रामीणों एवं रिस्तेदारो के द्वारा चंदा इक्क्ठा कर गाड़ी किराया दिया गया। मृतक का अंतिम संस्कार सिलिदाग गड़गड़वा नदी स्थित पर किया गया।

# राज्य का विकास भाजपा से ही सम्भव : मानस सिन्हा



भाजपा में शामिल मानस सिन्हा व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** भाजपा मंडल कार्यालय केतार में शनिवार को कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए मानस सिन्हा का स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद और भाजपा नेता विकास स्वदेशी ने मानस सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष विशुनपुरा शैलेन्द्र सिंह, केतार बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक सहित आधा दर्जन कांग्रेसियों को पार्टी गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा नेता मानस सिन्हा ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा सीट कांग्रेस का सीट था, लेकिन कांग्रेस ने झामुमो के सामने घुटने टेक दिया और यह सीट झामुमो को दे दिया। उन्होंने कहा पिछले 27 वर्षों से पार्टी के लिए काम किया लेकिन पार्टी ने कार्यकताओं को उपेक्षित किया। मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आस्था रखते हुए भाजपा में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि देश व राज्य का विकास भाजपा से ही सम्भव है। इस बार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पुनः रिकार्ड वोट से भानु प्रताप शाही को जिताने के लिए वो क्षेत्र में घर-घर जाकर जन-संपर्क करेंगे। उन्होंने पूर्व विधायक व झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल में विकास का एक भी काम नहीं किया। सिर्फ पावर प्लांट का झुठा आश्वासन देकर जनता को ठग रहे है। मौके पर पंकज सिंह, धीरज कमलापुरी, नरेश सिंह, दिलीप रंजन, मंटू प्रसाद, चंदन रजक, राजेश्वर सिंह, रामकर्ण साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मंडल अध्यक्ष ने किया भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत सगमा मुख्य मार्ग पर सदानंद यादव के मकान में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव ने किया। कार्यालय उद्घाटन में भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओ के सुविधा के लिए खैर बाबा शिव मंदिर के पास कार्यालय खोला गया है। उपस्थित सदस्यों ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही को विशाल मतों से जिताने का संकल्प लिया। मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव ने झामुमो पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की हेमन्त सरकार ने युवाओ व महिलाओं को ठगने का काम किया है। मौके पर राजेश बैठा, धर्मजीत यादव, परशु यादव, धर्मेंद्र यादव, अजय यादव, रविरंजन यादव, सखीचंद प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महापर्व छठ को लेकर बीडीओ ने किया स्थल का निरीक्षण



सफाई कराते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का प्रतीक छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने शनिवार को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ सह सीओ ने घाट के चारों ओर सफाई कर इसे छठ महापर्व के लिए पूरी तरह तैयार करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कचरा हटाने के साथ-साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था करने की बात कही। ताकि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार और बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने बीरबल छठ घाट स्थल पर पहुंच कर जेसीबी मशीन से सफाई अभियान चलाया और घाट स्थल की विधिवत सफाई अभियान शुरू कर दी। ताकि घाट पर स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बना रहे।

## 55 वर्षीय राजेन्द्र सड़क दुर्घटना में घायल

**भवनाथपुर।** अपने बहनोई के दाह संस्कार में शामिल होने आए चैनपुर थाना क्षेत्र के मतोली गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र बैठा कपूरीं चौक के समीप सड़क पार करने के दौरान बाईक से धक्का लगने से घायल हो गए। जिन्हें घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार और एस कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घर में आयरन करने के दौरान करंट लगने से भवनाथपुर बस्ती निवासी 45 वर्षीय सुनील बैठा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुनील के ससुराल पलामू चैनपुर मतोली गांव से उसके साला राजेंद्र बैठा अपने भतीजा अजय कुमार के साथ भवनाथपुर आया था। दाह संस्कार के लिए कफन का कपड़ा लेने भवनाथपुर बाजार जा रहा था इसी बीच सड़क पार करने के दौरान एक तेज गति से आ रही बाईक धक्का मारकर फरार हो गया।

# भाजपा की सरकार सरकार बनते ही मंत्री इरफान अंसारी के घर पर चलाएंगे बुलडोजर : भानु

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी, मकरी, भवनाथपुर पंचायत में शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान विधायक विधायक भानु ने कहा कि जनता का तीन बार से आशीर्वाद मिलते आ रहा है, इसके लिए वह पंचायत के ग्रामीणों के ऋणी है। इस बार भी वह अपने काम के दाम के रूप में आशीर्वाद क्षेत्र के बेटा बनकर लेने उनके पास आए हैं। उन्होंने पंचायत वासियों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। विधायक भानु ने भाजपा नेत्री सीता सोरेन पर मंत्री इरफान



संबोधित करते विधायक भानु

अंसारी का अभद्र टिप्पणी पर चेतावनी देते हुए कहा कि एक विधवा आदिवासी महिला वो प्रदेश के मुख्यमंत्री के भाभी के ऊपर अभद्र टिप्पणी किया। जिस पर मंत्री हेमंत सोरेन ने कुछ नहीं बोला। अगर किसी ने बोला तो वो भानु प्रताप शाही ने बोला। उन्होने कहा बाबूलाल मरांडी की सरकार बनते हीं सबसे पहले मंत्री इरफान अंसारी के घर पर बुलडोजर चलेगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने किया। मौके पर विजयलक्ष्मी, सरिता विश्वकर्मा, रीना बारी, भगत दयानंद, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, दयानन्द सोनी, सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, घनश्याम शुक्ला, मनोज सिंह, संजय यादव, सुरेश गुप्ता, सुधीर सोनी, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, रविंद्र शर्मा, अरुण गुप्ता, लल्लू ठाकुर, टुकु सिंह, प्रेम प्रकाश रमन, मनोज रजक, डोमन चन्द्रवंशी, दिलीप पासवान, प्रदीप रजक, निरंजन पाठक, राजेश्वर पासवान, विजय जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बगहा एसडीएम ने आराध्या जांच घर, विभा ड्रग एजेंसी को सीलकर प्राथमिकी दर्ज कराने का दिया निर्देश

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** बगहा अनुमंडल पदाधिकारी,बगहा गौरव कुमार ने शनिवार को ग्यारह बजे पूर्वाह्न में बगहा के आराध्या जांच घर और विभा ड्रग एजेंसी को अवैध संचालन के आरोप में शनिवार को सील कर दिया है।जांच के दौरान प्रदीप कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी,बगहा एक, डा.अशोक कुमार तिवारी,उपाधीक्षक अनुमंडल पदाधिकारी बगहा,अनिल कुमार, थानाध्यक्ष बगहा मौजूद रहें। एसडीएम गौरव कुमार ने बताया कि बगहा नगर क्षेत्र के आराध्या जांच घर,बगहा एक के विभा ड्रग एजेंसी,बगहा अवैध संचालन कर रहें हैं।इस दौरान आराध्या जांच घर एवं विभा ड्रग एजेंसी के प्रोपराइटर द्वारा प्रतिष्ठान का अवैध संचालन करने के कारण दुकान छोड़कर भाग पड़े, इसके पश्चात दोनों दुकानों को सील कर दिया गया है तथा उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल बगहा,बीडीओ एवं थानाध्यक्ष बगहा को संज्ञेय जांच उपरांत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बीडीओ प्रदीप कुमार को निर्देशित किया गया है।

### प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा जिला संचालन समिति की चयन संबंधी बैठक में दिये निर्देश

**अररिया।** बिहार सरकार के उद्योग एवं पर्यटन विभाग-सह-जिला प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को आत्मन सभागार में जिला संचालन समिति की चयन संबंधी बैठक हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के सफल एवं त्वरित कार्यान्वयन हेतु योजनाओं की प्राथमिकता का निर्धारण करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में योजनओं की पुनरावृति न हो। यह भी निदेश दिया गया कि योजनाओं की प्राथमिकता सदस्यों की सहमति से यथाशीघ्र प्राप्त करें। बैठक में नरपतगंज क्षेत्र से संबंधित एक नाला निर्माण को लेकर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इसे प्राथमिकता सूची में शामिल कर लिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना (संचालन समिति) की समीक्षा में सभी सदस्यों को वरीयता क्रम में अपने अपने क्षेत्र से सम्बंधित सेतु निर्माण हेतु सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।इससे पूर्व बैठक में पीपीटी के माध्यम से सभी सम्बंधित सदस्यों द्वारा प्राप्त योजनाओं की सूची को सभी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। बैठक में डीएम अनिल कुमार,एसपी अमित रंजन,जिले के विधायक सहित संबंधित प्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मंत्री ने की सीएम समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा बैठक

**फारबिसगंज/अररिया।** उद्योग विभाग एवं पर्यटन विभाग, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा की अध्यक्षता में आज आत्मन सभागार में जिला संचालन समिति (मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना एवं अन्य योजनाओं) की चयन संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अररिया अमित रंजन, माननीय विधायक जिला अररिया, सहित संबंधित प्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मंत्री महोदय को समाहरणालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके उपरांत जिला संचालन समिति, अररिया की बैठक में माननीय मंत्री महोदय का जिलाधिकारी द्वारा बुके एवं पौधा दे कर स्वागत किया गया। जिला संचालन समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा निदेशित किया गया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के सफल एवं त्वरित कार्यान्वयन हेतु योजनाओं की प्राथमिकता का निर्धारण करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में योजनओं की पुनरावृति न हो। यह भी निदेश दिया गया कि योजनाओं की प्राथमिकता माननीय सदस्यों की सहमति से यथाशीघ्र प्राप्त करें। बैठक में नरपतगंज क्षेत्र से संबंधित एक नाला निर्माण को लेकर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इसे प्राथमिकता सूची में शामिल कर लिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना (संचालन समिति) की समीक्षा में सभी माननीय सदस्यों को वरीयता क्रम में अपने अपने क्षेत्र से सम्बंधित सेतु निर्माण हेतु सूची उपलब्ध कराने का अनरोध किया गया। इससे पूर्व बैठक में पीपीटी के माध्यम से सभी सम्बंधित माननीय सदस्यों द्वारा प्राप्त योजनाओं की सूची को सभी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। बैठक को जिलाधिकारी एवं उपस्थित माननीय जन प्रतिनिधियों द्वारा भी संबोधित किया गया।

### बच्चे के शौच करने के विवाद में मारपीट पांच घायल

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल प्रखंड के जोकियारी गांव में शनिवार को बच्चे के शौच करने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट में पांच लोग घायल हो गये। जिसमें एक की हालत गंभीर है, जिसका उपचार रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि जोकियारी निवासी जलेश्वर दास के घर का बच्चा गांव के शुभान मियां के घर के समीप शौच कर रहा था।इसी बात को लेकर जलेश्वर दास और शुभान मियां के परिवार वालों के बीच विवाद शुरू हो गया,जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। जिसमें दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। इस घटना में ग्रामीण जलील मियां की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिनका उपचार एसआरपी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। वहीं इस मामले में रक्सौल पुलिस के द्वारा जलेश्वर दास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में विधि संवत कार्रवाई कर रही है।

### बेतिया में उत्पाद विभाग का नकली ऑफिसर गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला स्थित नौतन पुलिस ने दक्षिण तेल्हुआ गांव से उत्पाद विभाग के नकली ऑफिसर को बेलोरो गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तार नकली ऑफिसर बेतिया मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छौराहां गांव निवासी सुनील कुमार बताया जा रहा है। नौतन पुलिस ने बताया कि बेलोरो गाड़ी संख्या इफ22इ05126 से आधा दर्जन युवक उत्पाद विभाग के अधिकारी व पुलिस बन कल की रात करीब साढ़े दस बजे सुधीर कुमार दक्षिण तेल्हुआ निवासी के घर पहुंचे।तथा अपने आप को उत्पाद विभाग की पुलिस बताकर पच्चास हजार रूपया की मांग किया। नहीं देने पर गिरफ्तार करने की बात कही। जब सुधीर ने शोर मचाया तो आस पास के लोग दौड़कर आये जहां करीब पांच लोग भाग गये। तथा बेलोरो व चालक को लोगों ने पकड़ लिया और इसकी सूचना थाने को दी। घटना की खबर पर पहुंची पुलिस ने बेलोरो व चालक को अपने कब्जे में ले लिया। जहा गाड़ी से उत्पाद विभाग का नेम प्लेट तथा हथकड़ी को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने बताया कि चालक कड़ी पुछताछ के बाद पता चला की बेलोरो उक्त चालक की है। जिसपर पांच लोग उत्पाद विभाग की पुलिस व अधिकारी बन लोगों से अवैध वसूली करते थे। फरार सभी लोगों की पहचान के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### संदेहास्पद स्थिति में नवविवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अररिया।** जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के मनुल्लाहपट्टी गांव में एक नवविवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। घटना शुक्रवार रात्रि की बताई जाती है।लेकिन आमलोगों को इसकी जानकारी शनिवार को हुई। जिसके बाद उनके मायके वालों को जानकारी दी गई। मृतका के परिजनों ने रंजना देवी की हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। मृतका मनुल्लाहपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 6 निवासी रविन्द्र चौधरी की पत्नी रंजना देवी बतायी जाती है। बताया जाता है कि रंजना की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हीं रविन्द्र चौधरी से हुई थी। एक तरफ जहां पुलिस नवविवाहिता की मौत को संदेहास्पद बता रहे हैं। गांव वाले इसे आपसी विवाद में आत्महत्या की बात कह रहे हैं। भरगामा पुलिस इस पूरे मामले में मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उच्च तकनीक विकसित करें युवा : राजनाथ

## कानपुर आइआइटी का 65 वां स्थापना दिवस

- युद्ध की बदलती प्रकृति को लेकर अत्याधुनिक तकनीकों के रक्षा अनुप्रयोग पर ध्यान देने की जरूरत : रक्षा मंत्री
- देश का रक्षा निर्यात 2029-30 तक 50,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद जताई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भारतीय युवाओं का आह्वान किया कि वे देश में वह उच्च तकनीक विकसित करें, जिनका देश आयात करता है। वह शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर में 65वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने आज हर क्षेत्र में हो रहे तेजी से बदलाव के पीछे प्रौद्योगिकी को सबसे बड़ा कारक बताया, जिसमें देश वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में बढ़त स्थापित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी विशिष्ट तकनीक में महारत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसे आगे समझाते हुए उन्होंने बताया कि तकनीकी विकास के आधार पर देशों के तीन समूह हैं- पहला उन्नत तकनीक में शिखर पर है, दूसरे एक स्थिर स्थिति में पहुंच गए हैं और तीसरे तकनीकी टेक-ऑफ के चरण में हैं। भारत को तीसरे समूह में रखते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र आज तकनीकी प्रगति में शीर्ष स्थान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी पर पकड़ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं से अपनी क्षमता का एहसास करने और देश की प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया।

उन्होंने आईआईटी कानपुर जैसे संस्थानों को अकादमिक इंजन करार दिया, जो वर्तमान प्रतिस्पर्धी माहौल में भारत को एक गतिशीलता प्रदान कर सकते हैं और इसे पहले सेट में स्थान दे सकते हैं। जारी संघर्षों के बीच दुनिया भर में रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ड्रोन, लेजर युद्ध, साइबर युद्ध, सटीक निर्देशित मिसाइलों और



हाइपरसोनिक मिसाइलों के उपयोग ने युद्ध को प्रौद्योगिकी उन्मुख बना दिया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता' हासिल करने में सबसे बड़ी बाधा यह है कि हम अपनी वस्तुओं के लिए आवश्यक कुछ उच्च अंत प्रौद्योगिकियों को आयात करने के लिए मजबूर हैं। युद्ध की बदलती प्रकृति के मद्देनजर अत्याधुनिक तकनीकों के रक्षा अनुप्रयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनाथ सिंह ने इस प्रयास में सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों सहित सभी हितधारकों को एक साथ लेने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि देश ने युवाओं के बल पर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देखा है। हमें उस सपने को साकार करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगानी चाहिए। एक कहावत है, 'यदि आप तेजी से जाना चाहते हैं, तो अकेले जाएं। अगर आप दूर तक जाना चाहते हैं तो साथ चलें। हमें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर चलने की जरूरत है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) पहल के बारे में बात की, जो इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप को 1.5 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ अभिनव प्रौद्योगिकियों के विकास को शुरू किया गया था, जिसमें स्टार्ट-अप 25 करोड़ तक की अनुदान सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयासों के वांछित परिणाम मिल रहे हैं क्योंकि रक्षा निर्यात, जो दस साल पहले लगभग 600 करोड़ रुपये था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रगति जारी रहेगी और रक्षा निर्यात 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रौद्योगिकी के निर्माण में तीन प्रमुख चरण शामिल हैं- विचार, अनुप्रयोग और उत्पादन। आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान विचारों को इनक्यूबेट करने से लेकर उत्पादों के निर्माण तक एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ऐसे उत्पाद और प्रौद्योगिकियां पेश करने के महत्व को रेखांकित किया, जो सशस्त्र बलों के विकसित हो जाने के बाद उनके लिए जरूरत बन जाती हैं। समारोह के हिस्से के रूप में आईआईटी कानपुर ने रक्षा नवाचार पर एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की, जो 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के साथ संरेखित है। इस कार्यक्रम में सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत, आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, एसआईआईसी के प्रभारी प्रोफेसर दीपू फिलिप, संस्थान के छात्र और प्रतिष्ठित पूर्व छात्र शामिल हुए।

### 2023-24 में रक्षा निर्यात 21,000 करोड़ के पार

राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयासों के वांछित परिणाम मिल रहे हैं क्योंकि रक्षा निर्यात, जो दस साल पहले लगभग 600 करोड़ रुपये था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रगति जारी रहेगी और रक्षा निर्यात 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रौद्योगिकी के निर्माण में तीन प्रमुख चरण शामिल हैं- विचार, अनुप्रयोग और उत्पादन। आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान विचारों को इनक्यूबेट करने से लेकर उत्पादों के निर्माण तक एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ऐसे उत्पाद और प्रौद्योगिकियां पेश करने के महत्व को रेखांकित किया, जो सशस्त्र बलों के विकसित हो जाने के बाद उनके लिए जरूरत बन जाती हैं। समारोह के हिस्से के रूप में आईआईटी कानपुर ने रक्षा नवाचार पर एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की, जो 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के साथ संरेखित है।

## स्पीड न्यूज

### फिल्म फौजी 2 का ट्रेलर हुआ लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर आगामी शो फौजी 2 का ट्रेलर जारी किया गया। इस शो में गौहर खान, विक्की जैन और कई नए कलाकार नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरूआत में अभिनेत्री गौहर खान साइकिल चलाते हुए नजर आती है। इसके बाद ट्रेलर में बॉक्सिंग, तैराकी, हैवी जिम वर्कआउट और बाइक रेसिंग जैसे अलग-अलग खेलों में जवानों को भाग लेते हुए दिखाया गया है।

### शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री के कपाट

**देहरादून।** संपूर्ण भारत वर्ष को अपने पवित्र जल से जीवन देने वाली मां गंगा के उत्तराखंड में हिमालय पर्वत पर स्थित पवित्र श्री मां गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए शनिवार को अन्नकूट त्योहार पर बंद हो गए। इससे पूर्व, वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विधि विधान से पूजाएं की गईं। परंपरानुसार, श्री गंगोत्री मां मंदिर के कपाट आज अन्नकूट पर, मध्याह्न 12 बजकर, 14 मिनट पर शीतकाल हेतु बंद हो गये। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। कपाट बंद होते समय हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का मिरर प्लेटफॉर्म चालू

**बीजिंग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का मिरर प्लेटफॉर्म चालू हो गया है। इस स्टेशन ने 30 अक्टूबर को नए शेनझोउ-19 चालक दल का स्वागत किया। इस मिरर प्लेटफॉर्म ने इसी के साथ ऑपरेशन के चरण में प्रवेश किया। यह प्लेटफॉर्म अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण है। ग्लोबल टाइम्स की खबर में चीन की विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

### सपा प्रत्याशी सोलंकी के खिलाफ फतवा जारी

**कानपुर।** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के खिलाफ फतवा जारी किया गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फतवा जारी किया है। मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फतवा जारी करते हुए कहा कि नसीम सोलंकी शरीयत के मुजरिम हैं। उन्हें तौबा करना चाहिए और दोबारा कलमा पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम में मूर्ति पूजा वर्जित है। अगर कोई अपनी इच्छा से ऐसी पूजा करता है तो उस पर सख्त नियम लागू होते हैं। अगर महिला ने अनजाने में ऐसा किया है, तो वह शरिया की नजर में दोषी है और उसे पश्चाताप करना चाहिए।

### ओडिशा में सड़क हादसा सात लोगों की मौत

**रायगढ़/भुवनेश्वर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के टपरिया में शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गये। मृतक कांडाडूडा और समरपिण्डा की कर्टन मण्डली के थे। शनिवार तड़के हादसा उस समय हुआ जब एक कोयले से भरी खड़ी ट्रेलर को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मैजिक वाहन में 24 से अधिक लोग सवार थे, जो जशपुर के गहिरागुरू के आश्रम से मेले में शामिल होकर लौट रहे थे।देर रात करीब डेढ़ बजे दुर्घटना हो गयी। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# गृह मंत्री अमित शाह पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज

## विदेश मंत्रालय ने उच्चायोग के अधिकारी को लगायी फटकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा के एक मंत्री द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के बारे में की गई 'बेतुकी और निराधार' टिप्पणियों पर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कनाडा में भारतीय राजनयिकों की ऑडियो और वीडियो निगरानी की भी निंदा की।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने शुक्रवार को कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया...उन्हें बताया गया कि भारत सरकार विदेश उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों पर सबसे मजबूत शब्दों में विरोध करती है। इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉरिसन ने संसद सत्र के दौरान अमित शाह को सिख चरमपंथियों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा। विदेश उप मंत्री ने कनाडा की नागरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा कमेटी को बताया कि उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट से शाह के नाम की पुष्टि की। उनसे पूछा गया था कि सरकार की ओर से वॉशिंगटन पोस्ट को कनाडा में होने वाले अपराध में भारत के गृह मंत्री के शामिल होने के बारे किसने बताया था? इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया था। जायसवाल ने भारतीय दूतावास के अधिकारियों की ऑडियो-वीडियो निगरानी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार ने सूचित किया कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं। उनके संचार को भी बाधित किया गया। हमने कनाडा सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध जताया है क्योंकि हम इन कार्यों को प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कन्वेंशन का घोर उल्लंघन मानते हैं।

### कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के आरोप निराधार : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपों को असत्य और निराधार बताते हुए कहा है कि सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को देश की परंपराओं का सम्मान करते हुए पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए तथा राजनीतिक लाभ के लिए असत्य नहीं बोलना चाहिए। वाड्रा ने कहा कि भारत की परंपरा सत्य पर आधारित है और असत्य के सहारे श्री मोदी को कांग्रेस को बदनाम नहीं करना चाहिए। भारतीय परंपरा में प्राचीन काल से अवार्चीन तक सत्य की महिमा को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी कहते थे, सत्य ही ईश्वर है। मुंडकोपनिषद में सत्यमेव जयते लिखा गया है जो राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है। सत्य की स्थापना करने वाले ये आदर्शवाक्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलनऔर सार्वजनिक जीवन के हमेशा आदर्श बने। सत्य देश की हजारों साल की संस्कृति का आधार रहा है और सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को असत्य का सहारा नहीं लेना चाहिए।

# बी-52 बमवर्षक विमान मध्य पूर्व में होंगे तैनात : अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अब इस क्षेत्र में बमवर्षक विमान, युद्धक विमान और नौसेना के विमानों को भेजने का आदेश दिया है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में दी। पेंटागन के प्रेस सचिव राइडर ने कहा कि अमेरिका ने बी-52 बमवर्षक विमान, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और नौसेना के विध्वंसक विमानों को तैनात करने का आदेश दिया है। जल्द ही यह विमान यहां से रवाना होंगे। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और उसके स्ट्राइक ग्रुप में शामिल तीन विध्वंसक जल्द ही सैन डिएगो स्थित बंदरगाह पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व में अपने नागरिकों और बलों की

अपने नागरिकों व बलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है : पेंटागन



सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए रक्षा सचिव ऑस्टिन ने अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर की तैनाती का आदेश दिया है। इजराइल में टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस मिसाइल रक्षा प्रणाली के साथ पूर्वी भूमध्य सागर में डीओडी की निरंतर एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती की जाएगी। पेंटागन के प्रेस सचिव के अनुसार, रक्षा सचिव ऑस्टिन ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान फिर इजराइल पर हमला करता है तो अमेरिका हर आवश्यक उपाय करेगा।

# केंद्र ने शुरू की मप्र में 10 हाथियों की मौत की जांच

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली और पतौर रेंज में अब तक 10 हाथियों ने दम तोड़ दिया है। इन मौतों की गुत्थी सुलझाने के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मौत की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। यह दल इस मामले में स्वतंत्र जांच कर रहा है। मंत्रालय ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने भी मामले की जांच करने और सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पांच सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। पांच सदस्यीय समिति का नेतृत्व एपीसीसीएफ (वन्यजीव) करता है। समिति में नागरिक समाज, वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक के सदस्य हैं। राज्य बाघ स्ट्राइक फोर्स के प्रमुख द्वारा भी इस मामले की जांच की जा रही है।

### भारत-चीन के अधिकारियों की बैठक शीघ्र : जायसवाल

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा कि चीन के साथ आर्थिक संबंधों एवं वीजा एवं आवाजाही शुरू करने के लिए दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों के बीच जल्द ही एक बैठक होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को बताया कि चीन के साथ एलएसी पर अप्रैल 2020 की स्थिति की बहाली को लेकर हुए समझौते के बाद वीजा एवं आर्थिक संबंधों की बहाली के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जैसा कि कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक में यह सहमति भी हुई है।

# इजरायल के हमले में हमास का एक और कमांडर कसाब ढेर

एजेंसी

**गाजा।** इजराइली सुरक्षा बलों ( ) के हमले में आतंकवादी समूह हमास का इस वक्त का सबसे मजबूत मोहरा इज अल-दीन कसाब मारा गया। आईडीएफ को यह सफलता खान यूनिस में मिली। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शुक्रवार को इज अल-दीन कसाब के फोटो के साथ इस हमले का संक्षिप्त विवरण जारी किया। आईडीएफ ने कहा कि इस हमले में कसाब मारा गया। वह हमास के राजनीतिक ब्यूरो का



सदस्य था। संगठन के भीतर राष्ट्रीय संबंधों के लिए जिम्मेदार था। कसाम गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी संगठनों के बीच समन्वय करता था। इसके अतिरिक्त कसाब गाजा में अन्य गुटों के साथ संगठन के रणनीतिक और सामरिक संबंधों के लिए जिम्मेदार था। उसके पास इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का निर्देश देने की जिम्मेदारी थी।

### लेबनान में इजरायल की एयर स्ट्राइक, 52 की मौत

**बेरुत।** पूर्वी लेबनान के बाल्बेक शहर और आसपास के कस्बों और गांवों पर हुए इजरायली हवाई हमलों में शुक्रवार को 52 लोग मारे गए और 72 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। इजरायली बलों ने नागरिकों के ले चेतावनी जारी करने और क्षेत्र के पूरे शहरों, गांवों और कस्बों को खाली करने का आह्वान करने के बाद पिछले दिनों पूर्वी लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। अधिकांश हताहत बालबेक, अल-अलक, यूनिन, बदनयेल, अल-बजालियाह, अम्हाज, इयाट, लबवेह, हरबता, नहले, तराया और हौश एन नबी सहित इलाकों में हुए। इजरायली सेना सितंबर के अंत से हिज्बुल्लाह के साथ संघर्ष में वृद्धि होने के कारण लेबनान पर हमले कर रही है।

# कमला और ट्रंप के बीच तेज हुई जुबानी जंग

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर को

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच जुबानी जंग दिलचस्प हो गई। दोनों मतदाताओं के सामने एक-दूसरे को कमतर आंक रहे हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर की अनुसार कमला हैरिस और डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के युद्ध पर अपनी राय रखी। ट्रंप ने कहा कि वह अगर चुनाव जीते तो यूक्रेन में युद्ध समाप्त होगा। अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। वह चुनाव जीते तो तृतीय विश्व युद्ध को नहीं होने देंगे।उल्लेखनीय है कि कमला हैरिस पहले ही कह चुकी हैं कि ट्रंप अगर राष्ट्रपति होते तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब तक कीव में होते। ट्रंप

### चुनाव जीते तो यूक्रेन में युद्ध होगा समाप्त :डोनाल्ड ट्रंप



यह क्यों नहीं समझते कि पुतिन किसी के सगे नहीं। पुतिन खुद के लिए ट्रंप को भी धोखा देने से भी नहीं चूकेंगे। कमला हैरिस ने कहा कि ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं कमला हैरिस ने विस्कॉन्सिन में पत्रकारों से कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है, जो आदर्श बनने की हमारे लोगों और बाकी दुनिया के प्रति हमारी जिम्मेदारी एवं भूमिका को समझे। वह राष्ट्रपति बनने पर अपने विरोधियों की बात सुनेंगी। ट्रंप अपना पूरा समय अमेरिकियों को एक-दूसरे पर उंगली उठाने के लिए उकसाने में बिताते हैं। वह अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने का षड्यंत्र रचते हैं। ट्रंप राजनीतिक विरोधियों को अपना दुश्मन मानते हैं। हमेशा

### राष्ट्रपति बनने पर अपने विरोधियों की बात सुनेंगी : हैरिस




बदला लेने की फिराक में रहते हैं। हैरिस ने कहा कि वह लोकतंत्र में भरोसा करती हैं। वह अपने मंत्रिमंडल में रिपब्लिकन नेता को भी शामिल करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके और ट्रंप के बीच यही बड़ा फर्क है। ट्रंप ने मिशिगन के डेट्रॉयट में कहा कि कमला हैरिस की आर्थिक नीतियां आपदा हैं। अगर वह चुनाव जीतते हैं तो नए आर्थिक चमत्कार करेंगे। अमेरिकी उत्पादों के निर्माण एवं उनकी खरीद को बढ़ावा देंगे। अमेरिकी नागरिकों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि हैरिस के विफल आर्थिक एजेंडे ने प्राइवेट सेक्टर की लगभग 30,000 नौकरियां और पिछले कुछ समय में विनिर्माण क्षेत्र की लगभग 50,000 नौकरियां खत्म कर दीं। हैरिस की आर्थिक नीतियां राष्ट्र को बर्बाद कर रही हैं।


